डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश

क्लस्टर बनाकर औद्योगिकीकरण की करेंगे शुरुआत

किसानों के खेत की प्यास बुझाने मध्यप्रदेश ने स्थापित किया नया रिकॉर्ड

मध्यप्रदेश ने कोरोना से निपटने का जन-भागीदारी मॉडल बनाया

मध्यप्रदेश में अगले साल से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में होगी

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुये अपने संदेश में कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह अमृत महोत्सव और गणतंत्र दिवस का आज अद्भुत और अविस्मरणीय संगम है। देश में 23 जनवरी को हमने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का 125वां जन्म-दिन मनाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी के जन्म-दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। गणतंत्र दिवस के पर्व पर मैं नेता जी के चरणों में प्रणाम करता हूं, नमन करता हूं। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये गणतंत्र दिवस संदेश का संपादित अंश यहां प्रकाशित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में परेड की सलामी लेते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को आजादी अंग्रेजों ने कोई चांदी की तस्तरी में रखकर भेंट नहीं की थी। एक तरफ पूज्य बापू जी के नेतृत्व में अहिंसक आंदोलन चला था, तो दूसरी तरफ क्रांतिकारियों ने अपने रक्त की अंतिम बूंद से भारत माता की पवित्र माटी को रंगा था। उनके त्याग, तपस्या और बलिदान से देश स्वतंत्र हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें कहते हुए कभी-कभी तकलीफ होती है कि स्वतंत्रता के बाद हमें आजादी का इतिहास तक गलत पढ़ाया गया। देश को बताया गया कि हिंदुस्तान को आजादी महात्मा गांधी, नेहरू जी, इंदिरा जी ने दिलाई। मैं बापू जी के योगदान को अस्वीकार नहीं करता, बापूजी तो विश्वबंधु है। आजादी की क्रांतिकारी धारा को भुला दिया गया, एक नहीं अनेक अमर शहीद क्रांतिकारियों की स्मृति को संजो के नहीं रखा गया।

श्री चौहान ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने अमर शहीद क्रांतिकारियों की सही गाथा न केवल देश के सामने रखी बल्कि उनकी स्मृति बनी रहे और प्रेरणा मिलती रहे, इसके लिये देश में अनेक स्मारकों का निर्माण करवाया है। मुझे कहते हुए प्रसन्नता है कि इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। मध्यप्रदेश की धरती पर भी हमने महारानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, टंट्या भील, रघुनाथ शाह-शंकर शाह, भीमा नायक, राणा बख्तावर सिंह, कुंवर चैन सिंह, राजा विभूत सिंह और बादल भोई आदि क्रांतिकारियों के स्मारक बनाकर जो कर्ज राष्ट्र पर उनका है उसे चुकाने का विनम्र प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं बाबा साहब अंबेडकर और संविधान बनाने वाली सभी प्रारूप समितियों को नमन करता हूं। बाबा साहब अंबेडकर की 125वीं जयंती पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवम्बर के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारंभ किया। यह हमारे संविधान निर्माताओं के चरणों में विनम्र आदरांजली है।

श्री चौहान ने कहा कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि संविधान तो निर्जीव है, उसे लोग जीवित बनाते हैं। हम भारत के लोग सचमुच में भारत के संविधान की प्राणवायु और प्राणशक्ति हैं। सही अर्थों में गणतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा चलाया जाने वाला शासन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि जनता की शक्ति ही, राष्ट्र शक्ति है। उनका मानना है कि कोई भी काम बिना जनता के सहयोग से और बिना जनता की भागीदारी से पूरा नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक महामारी कोरोना से पूरी दुनिया लड़ रही है, मुझे प्रसन्नता है मध्यप्रदेश ने कोरोना से निपटने का जनभागीदारी मॉडल बनाया है। मैं अपने बहन-भाइयों और बेटे-बेटियों से कहना चाहता हूं कि कोरोना अभी गया नहीं है। हमने कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर का मुकाबला डटकर किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से कोरोना को नियंत्रित करने में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि कोरोना से मुकाबला करने के लिये हमने जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियां बनाईं। हमारे जन-प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, विभिन्न संस्थाओं ने मध्यप्रदेश को सुरक्षा कवच देने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

श्री चौहान ने कहा कि मैं अहिल्या मां की पवित्र नगरी में खड़े होकर गर्व से कहता हूं कि इंदौर की जनता ने भी जन-भागीदारी का अद्भुत इतिहास रचा है। इंदौर और प्रदेशवासियों ने मिलकर कोविड-19 की दूसरी लहर का भी मुकाबला किया है। अभी हम तीसरी लहर के प्रकोप से गुजर रहे हैं। कोरोना रोगियों की संख्या स्थिर होना शुरू हो गई है। सावधानी में ही सुरक्षा है। मैं अपील करना चाहता हूं कि सभी लोग मास्क लगाकर रखें, दूरियां बनाकर रखें। श्री चौहान ने कहा कि मैं एक बार फिर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने कोविड-19 की वैक्सीन के लिए टास्क फोर्स बनाई। हमारे वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को प्रणाम, जिन्होंने भारत में समय रहते एक नहीं दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बना लीं। मुझे कहते हुए गर्व है कि देश में लगभग 168 करोड़ वैक्सीन डोज लगा दिए गए हैं। वैक्सीन बनाने से लेकर टीका लगाने तक का एक अद्भुत कार्यक्रम जनसहयोग से संपन्न हुआ। मैं प्रधानमंत्री जी का इस जीवन रक्षक कार्य के लिए अभिनंदन करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया। आत्मनिर्भर भारत के लिए हमने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का संकल्प लिया है। अधोसंरचना, सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और रोज़गार के लिये हम एक-एक कदम आगे बढ़ रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों को बताते हुए मुझे प्रसन्नता है कि, कभी मध्यप्रदेश 'सड़कों में गड्ढे का प्रदेश' कहा जाता था। प्रदेश में 2 लाख किलोमीटर से ज्यादा शानदार सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। अब हमारा संकल्प अटल एक्सप्रेस-वे, नर्मदा एक्सप्रेस-वे बनाने का है। यह केवल रोड नहीं, मध्यप्रदेश की आर्थिक प्रगति के रोडमैप होंगे। नई टाउनशिप, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, विकास के अलग-अलग क्लस्टर बनाकर हम औद्योगिकीकरण की नई शुरुआत करेंगे। भोपाल, इंदौर के बीच में एक अलग इंडस्ट्रियल हब पर हम तेजी से काम कर रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि पहले प्रदेश में बिजली आती कम थी और जाती ज्यादा थी। पूर्व में 5 हजार मेगावॉट की उपलब्धता थी, जो बढ़कर 21 हजार मेगावॉट से ज्यादा हो गई है। जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली मिले, इसके लिए एक नहीं अनेकों उपाय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम केवल थर्मल पावर प्लांट नहीं लगा रहे हैं, सूरज से भी बिजली बनाने के काम में मध्यप्रदेश आगे है। एक नहीं अनेक सोलर पावर प्लांट पर काम चल रहा है। रीवा में एशिया का सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट बन कर तैयार है और ओंकारेश्वर बांध में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट बनाकर हम सूरज से बिजली बनाएंगे। यह ऊर्जा, क्लीन ऊर्जा है, जो पर्यावरण को बचाने का भी काम करती है। हम सूरज से, हवा से, पानी से और बायोमॉस से बिजली बना रहे हैं।

(शेष पृष्ठ 17 पर)

खास खबर

मध्यप्रदेश में 31 अगस्त विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करते हुए प्रदेश में 31 अगस्त को विमुक्ति दिवस के रूप में मनाये जाने का आदेश राज्य सरकार ने जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री ने 31 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ जनजाति पंचायत में घोषणा की थी कि 31 अगस्त का दिन जनजातियों के विमुक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा। श्री चौहान की घोषणा के अनुक्रम में शासन द्वारा 31 अगस्त का दिन विमुक्ति दिवस के रूप में मनाने के निर्णय का आदेश जारी किया गया।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

प्रधानमंत्री आवास योजना

गरीबों की जिंदगी बदलने का है अभियान - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान बनाने का अभियान नहीं है, बल्कि यह गरीबों की जिंदगी बदलने का अभियान है। यह अद्भुत कार्यक्रम है, गरीबों के कल्याण का मेला जारी है। सभी को बेहतर जिंदगी जीने और मुस्कुराने का अधिकार है। जब तक आपकी जिंदगी नहीं बदलेगी तब तक मैं भी चैन से नहीं बैठूंगा। प्रदेश के प्रत्येक परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराई जाएगी। जो सबसे गरीब है और सबसे नीचे हैं, उनके लिए यह सरकार सबसे पहले है। मकान बनने तक हम इन भाई-बहनों के साथ हैं। हमारा प्रयास है कि निश्चित समय-सीमा में इनका मकान बन जाए। सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे जब भी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर जाएं, तो आवास योजना की भौतिक जानकारी अवश्य लें। ये बातें मंख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में तीन लाख 50 हजार हितग्राहियों को स्वीकृति नवीन आवासों के लिए उनके खाते में पहली किश्त की 875 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया और प्रतीक स्वरूप पांच हितग्राहियों को आवास स्वीकृति-पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में जारी किश्त का पैसा मकान के लिए है। अतः हितग्राही यह पैसा मकान में ही लगाएं। सरपंच, सचिव और रोज़गार सहायक यह सुनिश्चित करें कि आवास निर्माण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों। योजनाओं का पर्यवेक्षण और निगरानी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित की जाए। हितग्राहियों को निर्माण सामग्री मिलने में असुविधा नहीं हो। राज्य सरकार अब तक 35 लाख लोगों को आवास उपलब्ध करा चुकी है। अभी जो परिवार छूटे हैं उनके मकान का सपना भी जल्द पूर्ण होगा।

श्री चौहान ने हितग्राहियों से संवाद में कहा कि योजना क्रियान्वयन में यह सुनिश्चित किया जाए कि हितग्राहियों को किश्त प्राप्ति में विलंब नहीं हो। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि हितग्राहियों को निर्माण सामग्री उचित दर पर मिले। योजना क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

मध्यप्रदेश में 75 आयुष ग्राम हुए विकसित

भोपाल, आयुष विभाग द्वारा प्रदेश के 75 ग्रामों में आयुष ग्राम की स्थापना की गई है। इन ग्रामों में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीणजन के स्वास्थ्य को उत्तम बनाये रखा जा रहा है। प्रत्येक आयुष ग्राम की जनसंख्या का स्वास्थ्य पत्रक तैयार किया गया है। आयुष चिकित्सकों के दल द्वारा इन ग्रामों में 37 हजार परिवारों के एक लाख 60 हजार व्यक्तियों का स्वास्थ्य सर्वेक्षण कर रिकॉर्ड का डाटाबेस सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इसके विश्लेषण के आधार पर ग्राम की स्वास्थ्य स्तर की रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य संबंधी भविष्य की कार्ययोजना बनाई गई है। आयुष ग्राम योजना का मकसद चयनित ग्राम को कुपोषण, रक्तचाप एवं मलेरिया मुक्त बनाना भी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

22 जनवरी

कृषि मंत्रालय ड्रोन की खरीद के लिए अनुदान देगा

● केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने ड्रोन तकनीक को किफायती बनाने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 'कृषि मशीनीकरण पर उप मिशन' के दिशा-निर्देशों में संशोधन किया गया है, जिसमें कृषि ड्रोन की लागत का सौ प्रतिशत तक या 10 लाख रुपये, जो भी कम हो, के अनुदान की कल्पना की गई थी। यह धनराशि कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थानों, आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा ड्रोन की खरीद के लिए अनुदान के रूप में दी जाएगी। कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) किसानों के खेतों पर इसके प्रदर्शन के लिए कृषि ड्रोन की लागत का 75 फीसदी तक अनुदान पाने के लिए पात्र होंगे।

● केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में जिला सुशासन



सूचकांक की शुरुआत की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह जो नई शुरुआत जम्मू-कश्मीर ने की है, वह देश के हर राज्य में जाएगी और फिर देश के हर जिले में सुशासन की एक स्वस्थ स्पर्धा शुरू होगी। सुशासन को अगर सच्चे अर्थों में जमीनी स्तर तक पहुंचाना है, इसके लिए जिला एक महत्वपूर्ण इकाई है और जब तक जिले में सुशासन नहीं होता है तब तक इसके कोई मायने नहीं हैं।

● पेरू ने पर्यावरण आपातकाल की घोषणा की गई है। एक रिफाइनरी में तेल रिसाव से 21 समुद्र तटों के दूषित होने के बाद यह फैसला लिया गया। टोंगा में ज्वालामुखी विस्फोट से उठी लहरों के कारण ला पैम्पिला रिफाइनरी के सामने एक जहाज से 6,000 बैरल तेल का रिसाव हुआ, जिससे 21 समुद्र तट दूषित हो गए हैं। लोगों को इन समुद्र तटों पर जाने से रोक दिया गया है।

23 जनवरी

भारतीय अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

● वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इंडिया रेटिंग्स ऐंड रिसर्च (आईआरआर) ने यह अनुमान लगाया है। आईआरआर के अनुसार 2022-23 में वास्तविक जीडीपी 2019-20 (कोविड-पूर्व स्तर) से 9.1 प्रतिशत अधिक रहेगी। आईआरआर के मुख्य अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार और आरबीआई से आर्थिक वृद्धि की रिकवरी में मदद मिलने की उम्मीद है।

● अमेरिका में 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वोटिंग मशीनों को जब्त करने का आदेश दिया था। अमेरिकी नेशनल आर्काइब्ज ने एक मसौदा आदेश जारी किया है। इसके अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने शीर्ष सैन्य अधिकारी को एक लिखित मसौदा आदेश दिया था। नेशनल आर्काइब्ज द्वारा जारी इस डॉक्यूमेंट्स में उन उपायों के बारे में बताया गया है, जिसके जरिए ट्रंप वोटर्स की इच्छा के विरुद्ध राष्ट्रपति बने रहना चाहते थे।

● ब्रिटेन ने दावा किया था कि रूस, यूक्रेन में सरकार गिराकर मॉस्को समर्थित सरकार बनाना चाहता है। रूस ने ब्रिटेन के इस दावे को खारिज कर दिया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट करके कहा कि यह ब्रिटेन द्वारा फैलाई जा रही झूठी अफवाह है। नाटो देश यूक्रेन के आसपास तनाव बढ़ा रहे हैं। दरअसल, यूक्रेन जंग के मुहाने पर खड़ा है। रूसी सेनाएं उसकी सीमा से कुछ किलोमीटर दूर हैं। विश्व के अन्य देशों द्वारा इस जंग को रोकने की भरपूर कोशिश की जा रही है।

24 जनवरी

पुनर्निर्मित सीजीएचएस वेबसाइट और मोबाइल एप 'माईसीजीएचएस' लॉन्च

● केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने डिजिटल माध्यम से पुनर्निर्मित सीजीएचएस (केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना) वेबसाइट (www.cghs.gov.in) और मोबाइल एप, 'माईसीजीएचएस' को लॉन्च किया। इस दौरान डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा इस वेबसाइट में कई अद्यतन विशेषताएं हैं, जो 40 लाख से अधिक लाभार्थियों (सेवारत् और सेवानिवृत्तकर्मी, दोनों) को उनके घरों से ही रियल टाइम जानकारी के साथ लाभान्वित करेंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुविधा लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को बिना किसी जोखिम के पहुंचाने में सक्षम बनाएगी। यह मौजूदा कोविड-19 महामारी के दौरान सही समय पर एक अभिनव कदम है।

● भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जेनराली पार्टिसिपेशंस नीदरलैंड्स एन.वी. (जीपीएन) द्वारा फ्यूचर जेनराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीएलआईसी) के शेयर अधिग्रहण को स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद एफजीएलआईसी में जीपीएन की शेयरधारिता 49 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 71 प्रतिशत हो जायेगी। गौरतलब है कि जेनराली ग्रुप वैश्विक बीमा कंपनी है और भारत में एफजीएलआईसी के जरिये जीवन बीमा उद्योग में कार्यरत है।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि ओमिक्रॉन को कोविड-19 का अंतिम वैरिएंट मान लेना या इसे महामारी का अंतिम पड़ाव समझना खतरनाक है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एधेनॉम गेब्रियेसस ने दुनिया से महामारी को समाप्त करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने हुए कहा कि महामारी को समाप्त करने के लिए हमारे पास अब सभी उपकरण उपलब्ध हैं।

25 जनवरी

12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

● 25 जनवरी को 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु ने मतदाताओं द्वारा अधिक संख्या में मतदान करने और चुनाव प्रक्रिया के प्रति उनकी निष्ठा को बढ़ाने को लेकर लगातार प्रयासों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की सराहना की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री सुशील चंद्रा ने चुनावों को अधिक समावेशी, सुलभ और सहभागी बनाने के लिए आयोग के दृढ़ संकल्प को दोहराया।

● कोयला नियंत्रक संगठन ने 'भारत की कोयला निर्देशिका 2020-21' का विमोचन किया। कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ. अनिल कुमार जैन ने इसे जारी किया। भारत की कोयला निर्देशिका 2020-21 में वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान कोयला और लिग्नाइट क्षेत्रों के कार्य-निष्पादन के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इसमें कोयले के उत्पादन और इसे भेजने तथा भंडारण का ग्रेडवार डाटा शामिल है। यह निर्देशिका पिट हेड क्लोजिंग स्टॉक, आयात-निर्यात और पिछले कुछ वर्षों के दौरान कोयले की कीमतों के बारे में भी जानकारी प्रदान करती है।

● फ्रांस ने बिना कोविड-19 टीकाकरण के रेस्टोरेंट, बार, खेल और पर्यटन स्थलों समेत

अन्य सार्वजनिक जगहों पर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। नए कानून के अनुसार इन सार्वजनिक स्थानों में जाने के लिए वैक्सीन पास आवश्यक है। यह वैक्सीन पास केवल पूर्ण टीकाकरण वाले नागरिकों या हाल ही में वायरस से ठीक होने वाले लोगों को ही दिया जा जाएगा।

26 जनवरी

रेलवे ने गठित की एक उच्च अधिकार समिति

● रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा 14-15 जनवरी, 2022 को जारी गैरतकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी) की केंद्रीकृत रोज़गार अधिसूचना सीईएन 01/2019 के प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के परिणामों के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा उठाई गई चिंताओं और शंकाओं पर गौर करने के लिए एक उच्च अधिकार समिति का गठन किया है। यह समिति उम्मीदवारों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विचार करेगी और अपनी सिफारिशें देगी।

● अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा आक्रमण होगा। इससे दुनिया बदल जाएगी। हालांकि रूस ने आक्रमण की खबरों को खारिज करते हुए यूएस और नाटो को इस संकट का परिचालक बताया है। गौरतलब है रूस नहीं चाहता कि यूक्रेन को नाटो में शामिल किया जाए।

27 जनवरी

तटरक्षक बलों ने 280 लोगों को बचाया

● बोट से भूमध्य सागर पार कर रहे करीब 280 लोगों को इटली के तटरक्षक बलों के

जवानों ने बचा लिया है। लकड़ी की तीन बोट में क्षमता से अधिक लोग सवार होकर भूमध्य सागर को पार करने की कोशिश कर रहे थे। नजर पड़ते ही तटरक्षक बलों के जवानों ने इन लोगों को लैंपदुसा तट के पास उतार लिया।

● मेडागास्कर की राजधानी एंटानानैरिवो में चक्रवाती तूफान और बाढ़ से करीब 34 लोगों की मौत हो गई है। 55 हजार से अधिक लोग बेघर हो गये हैं। बारिश और बाढ़ के चलते भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं। अधिकारियों के अनुसार शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है। नदियों में पानी बढ़ता जा रहा है। प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव कार्य जारी है।

● रूस ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगियों ने उसकी सुरक्षा मांगों को पूरा नहीं किया और आक्रामक नीतियों को जारी रखा तो वह जवाबी कदम उठाएगा। रूसी विदेश मंत्री के अनुसार फिलहाल रूस, अमेरिकी जवाब की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन वह हमेशा इंतजार नहीं करेगा। दरअसल, यूक्रेन और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है।

28 जनवरी

वस्त्र मंत्रालय ने उत्पादन युक्त प्रोत्साहन योजना के आवेदन की तिथि बढ़ाई

● वस्त्र मंत्रालय ने कपड़ा उद्योग के लिये उत्पादन युक्त प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 फरवरी, 2022 तक बढ़ा दी है। इससे पहले ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2022 तक थी। योग्य आवेदक https://pli.texmin.gov.in/mainapp/Default के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

● एयरटेल ने गूगल के साथ साझेदारी का ऐलान किया है। इस साझेदारी के तहत्

गूगल कंपनी अपने गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड से एयरटेल में 1 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। गूगल, एयरटेल में 1.28 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदेगी। गूगल भारत में क्लाउड इकोसिस्टम को भी मजबूत करेगी।

● माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने पद्म भूषण से सम्मानित होने पर राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इसे प्राप्त करना और इतने सारे असाधारण लोगों के साथ पहचाना जाना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा भारतीयों के साथ काम करना और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके अधिक उपलब्धि हासिल करने में उनकी मदद करना जारी रखूंगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

ASTRAL GROUP OF INSTITUTIONS, INDORE

Applications Invited

Applications are invited for the Teaching & Non-Teaching (Teaching Positions Under College Code-28 UGC/ AICTE Norms)

Astral Institute of Professional Studies (Under Code-28) — **Principal / Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor**
Biotechnology, Seed Technology, Chemistry, Physics, Mathmatics, Comp. Science Botany, Economics, History, Political Science, Social Work, English, Hindi, Commerce, Management, Computer Application, Communication.

Astral Institute of Business Studies (Under Code-28) — **Principal / Professor / Assoc. Professor / Asst. Professor**
MBA (FT, FA, MM) Finance, Marketing, HR, IT, Business Analytics, Operations, General Management, Financial Administration, Marketing Management

Apply with CV and all xerox testimonials with 2 photograph by
E-mail: hr@astral.ac.in | Mob.: 7999641238

For Non-TEACHING — HR Manager, Registrar, Admin. Officer/Staff, Social/Digital Marketing Executive, Graphic Designer, Accountant, Office Assistant, TPO, PD Trainer, Librarian, Sports Officer, Counsellor, Telecaller, Network Admin, Lab Technician, Computer Operator.

CAMPUS: Kailod Kartal, By Pass Road, Indore
OFFICE : 104, Commerce House Near Janjirwala Square, Indore

PANKAJ

R-46546/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण

में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 05 31.01.2022 से 06.02.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 **प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन**-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है।
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

लाड़ली लक्ष्मी योजना से

बेटियों का अनुपात 927 से बढ़कर 956 हुआ

मध्यप्रदेश में पहले 1000 पुरुषों पर 927 महिलाएं होती थीं, लेकिन लाड़ली लक्ष्मी योजना के फलस्वरूप अब यह अनुपात बढ़कर 1000 पुरुषों पर 956 महिलाओं का हो गया है। इस संख्या को सरकार बराबर करना चाहती है। उपरोक्त बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। मुख्यमंत्री ग्वालियर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित 'सशक्त बालिका-सशक्त समाज-सशक्त मध्यप्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत राशि का वितरण सिंगल क्लिक से किया गया। लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सशक्त नारी सम्मान प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को मनाया जाता है, जबकि बेटियों के लिये हर दिन, हर पल हो सकता है। उन्हें उचित स्थान मिले, इसके लिये सरकार ने पूरे प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि बेटा-बेटी एक बराबर है। नारी केवल काम करने के लिये ही नहीं होती है, उन्हें भी जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब तक बेटा-बेटी को बराबर नहीं माना जायेगा, तब तक बेटी को आने से लोग रोकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं एवं बेटियों के सशक्तीकरण के लिये राज्य सरकार ने अनेक बेटियों की पढ़ाई के लिये किताबें, साइकिल, गांव की बेटी योजना, कॉलेज जाने पर 5 हजार रुपये एवं बेटी के शादी योग्य हो जाने पर कन्या विवाह योजना शुरू की गई है। प्रसूता महिलाओं को संबल योजना में प्रसव के पूर्व 4 हजार रुपये तथा बाद में 12 हजार रुपये दिये जाते हैं। अतः बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह होने तक सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 41 लाख लाड़ली लक्ष्मी हैं, जिसके फलस्वरूप अब माता-पिता के नजरिये में बदलाव आया है। अब लोग बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं करते हैं। श्री चौहान ने आश्वस्त किया कि बेटियों की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं ने बेहतर काम किया है। आगे भी महिलाएं किसी भी काम में पुरुषों से पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति लोगों की सोच बदलनी होगी। अब महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार नहीं होनी चाहिये तथा पुरुष प्रधान भावना को ही बदलने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से भी सशक्त किया जा रहा है। स्व-सहायता समूह में 33 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। इसी प्रकार शिक्षा विभाग में 50 प्रतिशत एवं पुलिस विभाग में 30 प्रतिशत आरक्षण बेटियों को दिया गया है। इसलिए हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि हर दिन हर पल बेटियों की भलाई के लिये काम हो। बेटियां अनुभव करें कि यह दुनिया उनकी हैं और उन्हें प्रगति के सभी संभव अवसर उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बेटियों के कल्याण के लिये हरसंभव प्रयास कर रही है।

बुढ़ापे के बारे में ज्यादा सोचना सेहत के लिये है खराब

मनुष्य के जन्म के साथ ही यह हो जाता है कि एक तय उम्र के बाद उस पर बुढ़ापा आयेगा। यह प्रक्रिया तय सीमा पर होती है और यह एक सामान्य बात है। हम सभी जानते हैं कि सोच से स्वास्थ्य का भी संबंध है। अब एक नये अध्ययन में पाया गया है कि बुढ़ापे के नकारात्मक पहलुओं का एहसास आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालता है, साथ ही यह तनाव से लड़ने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। अमेरिका के ऑरगेन स्टेट यूनिवर्सिटी (ओएसयू) के शोधकर्ताओं ने सौ दिनों से ज्यादा समयावधि में बुजुर्गों के दैनिक सर्वे डेटा का अध्ययन किया। इस दौरान पाया गया कि बुढ़ापे को लेकर जिन लोगों की धारणा सकारात्मक थी, उनमें तनाव कम था। वहीं बुढ़ापे को लेकर जिन लोगों की धारणा नकारात्मक थी, उनमें तनाव अधिक पाया गया। ओएसयू के कॉलेज ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड ह्यूमन साइंस के शोधार्थी तथा अध्ययन की मुख्य लेखिका डकोटा विट्जेल का कहना है कि बुढ़ापे के बारे में आपके अच्छे अहसास स्वास्थ्य पर बेहतर असर डालते हैं। इसमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना तनाव झेलते हैं, उन्होंने कहा कि तनाव को लेकर किये गये शोध में पाया गया कि दैनिक और दीर्घावधिक तनाव का असर स्वास्थ्य पर कई लक्षणों के रूप में प्रकट होते हैं। अध्ययन के दौरान पाया कि जिन लोगों में बुढ़ापे को लेकर बुरे अहसास थे, उनमें धारणा आधारित तनाव का स्तर भी ज्यादा था। वहीं सकारात्मक अहसास वाले लोगों में बीमारियों के बहुत कम लक्षण थे। उल्लेखनीय है कि जिस दिन बुढ़ापे को लेकर ज्यादा नकारात्मक भाव थे, उस दिन सामान्य दिनों की तुलना में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लक्षण तीन गुना अधिक थे। दूसरे शब्दों में कहें तो बुढ़ापे का सकारात्मक अहसास तनाव का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के खिलाफ सुरक्षात्मक असर पैदा करता है।

\- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

कुष्ठ उन्मूलन दिवस | 30 जनवरी

कुष्ठ - जिसे खत्म करने के लिए अपने कर्मों से राष्ट्रपिता ने दिया संदेश

बिहार के 1917 के चंपारण आंदोलन को मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाने के लिए जाना जाता है। वे यहां नील की खेती कर रहे किसानों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए गए थे। यहां पर महात्मा गांधी ने नील की खेती के दुष्प्रभाव की वजह से कुष्ठ से ग्रसित मरीजों की सेवा की। समाज में इस बीमारी के प्रति फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोग के खिलाफ एक पूरी जंग लड़ी और लोगों को बताने का प्रयास किया कि यह भी एक बीमारी है और इसके मरीज के साथ छुआछूत नहीं करना चाहिए। इसलिए बापू की पुण्यतिथि 30 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

लेप्रोसी डे यानी कुष्ठ रोग को समर्पित दिन

इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों के बीच इस बीमारी को लेकर जागरूकता बढ़े और लोग इसके इलाज को महत्व दें ना कि इसे कोई श्राप समझें। पूरे विश्व में कुष्ठ रोग के मामलों में कमी आई है, लेकिन इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र, ब्राजील, उप सहारा अफ्रीका और प्रशांत में रोगियों का काफी संख्या में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हर साल दो लाख मामले सामने आते हैं, जिसमें से लगभग आधे मामले अकेले भारत में हैं। अगर इस बीमारी का समय रहते इलाज हो जाता है, तो व्यक्ति पूरी तरह ठीक भी हो जाता है।

संपूर्ण विश्व में जनवरी के अंतिम रविवार को मनाया जाता है

विश्व कुष्ठ उन्मूलन दिवस प्रतिवर्ष जनवरी माह के अंतिम रविवार को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य, कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की सहायता तथा इस रोग से पीड़ित लोगों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के बारे में जागरूकता पैदा करना हैं। इस दिवस के अवसर पर संसार भर के लोग कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को सहयोग प्रदान करते हैं तथा कुष्ठ रोग से पीड़ित होने वाले लोगों की सहायता के लिए धन भी इकट्ठा करते हैं। फ्रांस के मानवतावादी राउल फोलेरो कुष्ठ रोगियों के हित में किए गए महात्मा गांधी के कार्यों को सम्मान देने के लिए विश्व कुष्ठ दिवस को महात्मा गांधी को समर्पित करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने 1953 में इसके लिए जनवरी का अंतिम सप्ताह यानी गांधी की पुण्यतिथि के सप्ताह को चुना। इसके बाद 1954 से पूरी दुनिया में इसे मनाया जाने लगा। महात्मा गांधी को पूरी दुनिया में कुष्ठ की बीमारी के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने और उन लोगों से दूर रहने के बजाय उन्हें अपनाने के लिए भी पूरी दुनिया में याद किया जाता है।

लेप्रोसी यानी कुष्ठ रोग क्या है

लेप्रोसी एक ऐसी संक्रामक बीमारी है, जो हवा के जरिए फैलती है। लेप्रोसी को हैनसेन रोग भी कहा जाता है। यह बीमारी बहुत धीमी रफ्तार से विकसित होने वाले बैक्टीरिया के माध्यम से फैलती है इसलिए पूरी तरह इसके लक्षण सामने आने में कई बार 4 से 5 साल का समय भी लग जाता है। जिस बैक्टीरिया के कारण यह बीमारी फैलती है, उसे माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री कहा

जाता है। इसी कारण इस बीमारी का अंग्रेजी में नाम लेप्रोसी रखा गया है। इसे कुष्ठ या कोढ़ भी कहा जाता है। यह एक ऐसी बीमारी है जिस पर आज दुनिया के अधिकतर देश नियंत्रण कर चुके हैं। हमारे देश में भी अब नए मामले कुल जनसंख्या के 1 प्रतिशत से भी कम हैं। सरकार 1995 से कुष्ठ रोगियों के लिये कार्यक्रम चला रही है। कुष्ठ रोग को हैनसेन डिसीज़ भी कहते हैं। यह नवजात शिशु से लेकर उम्र दराज व्यक्ति तक किसी को भी हो सकती है। कुष्ठ रोग, माइक्रोबैक्टीरियम लेप्री का क्रॉनिक संक्रमण है। यह रोग मुख्यता त्वचा, पेरिफेरल नर्व्स और श्वसन मार्ग के ऊपरी भाग के म्युकोसा और आंखों को प्रभावित करता है। इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है और अगर प्रारंभिक चरणों में ही उपचार उपलब्ध करा दिया जाए तो विकलांगता से बचा जा सकता है। यह एक संक्रामक रोग है जो पीड़ित से स्वस्थ लोगों तक पहुंच जाता है। यह एक प्रोग्रेसिव इंफेक्शन है, समय के साथ कई गंभीर जटिलताएं विकसित हो जाती हैं।

बीमारी के प्रमुख कारण

कुष्ठ रोग, बैक्टीरियम माइक्रो-बैक्टीरियम लेप्री के संक्रमण के कारण होता है, यह बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे मल्टीप्लाय करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, इस रोग का सामान्य इनक्युबेशन पीरियड (समय का वह अंतराल जब व्यक्ति संक्रमण की चपेट में आता है और जब पहला लक्षण दिखाई देता है) 3-5 वर्ष होता है, कई लोगों में तो 20 वर्ष तक लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। इसलिए डॉक्टरों के लिए यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि व्यक्ति कब और कहां इसके संक्रमण की चपेट में आया है। इस बीमारी में पलक झपकने में दिक्कत, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथ और पैरों में सुन्नपन, हाथ-पैर की संवेदना खत्म होने जैसे आदि लक्षण महसूस होते हैं।

बचाव के तरीके

- संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में न रहें।
- त्वचा से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से लें।
- अपना इम्यून सिस्टम दुरुस्त रखें।
- संतुलित और पोषक भोजन का सेवन करें।
- 6-8 घंटे की नींद लें।
- शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, एक्सरसाइज करें।
- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- अनावश्यक तनाव नहीं लीजिए, क्योंकि इससे इम्यून तंत्र कमजोर होता है।

कुष्ठ रोग को लेकर फैले अंधविश्वास

कुष्ठ रोग यानी कोढ़ के बारे में लोगों में यह अंधविश्वास है कि ये व्यक्ति के बुरे कर्मों यानी पाप का फल है। संक्रांति के पर्व के दिन यदि घर का आंगन थोड़ा सा भी बिना गोबर से लिपा हुआ छूट जाए तो कुष्ठ हो सकता है, इसलिए कुछ क्षेत्रों में इस दिन घर को नहीं लीपते हैं। कुष्ठ रोगी को शादी, विवाह आदि शुभ कार्यों में नहीं बुलाया जाता था।

भारत में क्या है स्थिति

विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2016 की रिपोर्ट के अनुसार, 2015 में कुष्ठ रोग के 60 प्रतिशत मामले भारत में दर्ज किए गए है। वर्तमान में भारत में लगभग 30 लाख लोग कुष्ठ रोग के शिकार हैं। 2016 में भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा द्वारा लिपरेसी डिटेक्शन कैम्पेन प्रारंभ किया गया था, इसमें सबसे अधिक मामले बिहार में सामने आए हैं। 2014 में इसके 1,25,785 मामले सामने आए, वहीं 2015 में यह बढ़कर 1,27,326 हो गए।

कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता की कमी, गलत धारणाएं, सामाजिक-सांस्कृतिक विश्वास और कलंक इसे एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या ही नहीं सामाजिक समस्या भी बना देते हैं। अधिकतर गरीब लोग इसके शिकार होते हैं जो कुपोषण के शिकार होते हैं, और चिकित्सा सुविधाओं तक जिनकी पहुंच नहीं होती है।

7 जनवरी 2019 को लोकसभा में एक बिल प्रस्तुत किया गया है, जिसमें कुष्ठ को तलाक के एक आधार के रूप में हटाने की मांग की गई है। क्योंकि अब इसका पूरी तरह उपचार संभव है, जिसे पहले लाइलाज माना जाता था। मानव अधिकार आयोग और कई मानव अधिकार इसकी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे।

महात्मा गांधी का जीवन और कुष्ठ से जुड़े प्रसंग

महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है। इसलिए अपने जीवन में किए कार्यों के माध्यम से उन्होंने यह संदेश भी दिया। कुष्ठ रोगियों के प्रति काम करने का विचार बचपन में ही बापू के मन में हुए 13 बरस की उम्र में हुए एक घटनाक्रम की वजह से आ गया था। जब वह पोरबंदर के घर में रह रहे थे और एक व्यक्ति लाधा महाराज के संपर्क में आए, जो महात्मा गांधी के बीमार पिता को रामायण सुनाने आते थे। ऐसा माना जाता था कि बिल्व के पत्तों को लगाने और रामायण के नियमित पाठ से लाधा महाराज को पूरी तरह से कुष्ठ रोग से मुक्ति मिल गई थी। इस गंभीर बीमारी से पीड़ित एक व्यक्ति के साथ इस तरह के निकट संपर्क ने बापू के मन से डर को दूर करने में मदद की और इससे पीड़ित लोगों के लिए जीवन पर्यन्त कार्य करने की प्रेरणा मिली। बापू के पूरे जीवन में कई ऐसी घटनाएं होती हैं जो कुष्ठ रोगियों के प्रति उनकी करुणा और संवेदनशीलता को व्यक्त करती हैं।

एक बार गांधीजी जब लोगों को संबोधित कर रहे थे तो कुछ लोग दूर एक पेड़ के नीचे खड़े होकर गांधी जी की बातों को सुन रहे थे। बापू का ध्यान जब उनकी ओर गया और उन्होंने उन लोगों को पास आने के लिए कहा तो वे नहीं आए। तब बापू खुद उनके करीब गए तो उन लोगों ने कहा, गांधी भाई हमारे पास मत आइए, हम कुष्ठ रोगी हैं। बाद में बापू ने उनसे करीब जाकर उनकी व्यथा को जाना और उनकी यथासंभव मदद और सेवा की। गांधी जी अपने आश्रम में कुष्ठ रोगियों को पनाह देते थे, उनकी सेवा करते थे। उन्होंने पूरी दुनिया को सेवा का संदेश दिया।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 25.07.2021 (रविवार)

प्रारंभिक परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. 9486/12/2021/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 15.01.2022**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित, विज्ञापन (01) विज्ञापन क्रमांक-03/2020/28.12.2020 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 10.02.2021 (अ) शुद्धि पत्र क्रमांक-01/03/2020, दिनांक 10.02.2021 (पद संयोजन के संबंध में), (ब) शुद्धि पत्र क्रमांक-02/03/2020, दिनांक 20.07.2021 (सह लेखक सुविधा के संबंध में आवश्यक सूचना) के अंतर्गत कुल-260 पदों हेतु राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 25.07.2021 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02.15 से 04.15 बजे तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार हैं :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	61	04	दृष्टिबाधित (VH)- 04
अनुसूचित जाति (SC)	32	-	श्रवणबाधित (HH)- 05
अनुसूचित जनजाति (ST)	54	03	अस्थिबाधित (OH)- 02
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	87	05	बहुविकलांग (MD)- 01
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	26	01	
कुल	**260**	**13**	**कुल-12**

03. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक-एफ 7/46/2020/आ.प्र./एक दिनांक 15.12.2020 के परिपालन में अनारक्षित श्रेणी के पदों को 40 प्रतिशत मान्य करते हुये एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का प्रतिशत यथावत् रखते हुये राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 का प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है। उपरोक्तानुसार प्रारंभिक परीक्षा में मुख्य परीक्षा हेतु 20 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल 7711 अभ्यर्थियों की श्रेणीवार सूची तैयार की गई हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है -

श्रेणी	20 गुना + समान अंक	भूतपूर्व सैनिक 20 गुना + समान अंक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	2597	81	दृ.बा. (VH)- 83
अनुसूचित जाति (SC)	742	-	श्र.बा. (HH)- 102
अनुसूचित जनजाति (ST)	1316	17	अ.बा. (OH)- 40
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	2380	103	ब.वि. (MD)- 21
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	676	10	
कुल	**7711**	**211**	**कुल-246**

04. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 के प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह पाये गये कुल-7711 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है -

Madhya Pradesh Public Service Commission
State Service Preliminary Examination 2020
Roll Number wise List of Selected Candidates (Provisional)

S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.
1.	100022	51.	100742	101.	101624	151.	102518
2.	100027	52.	100768	102.	101634	152.	102524
3.	100043	53.	100784	103.	101640	153.	102531
4.	100051	54.	100827	104.	101649	154.	102553
5.	100052	55.	100847	105.	101658	155.	102571
6.	100084	56.	100856	106.	101687	156.	102580
7.	100090	57.	100887	107.	101711	157.	102584
8.	100118	58.	100922	108.	101720	158.	102586
9.	100136	59.	100926	109.	101730	159.	102601
10.	100152	60.	100982	110.	101739	160.	102638
11.	100185	61.	100984	111.	101759	161.	102642
12.	100197	62.	100993	112.	101788	162.	102713
13.	100218	63.	100994	113.	101824	163.	102720
14.	100231	64.	101006	114.	101833	164.	102733
15.	100253	65.	101015	115.	101855	165.	102790
16.	100254	66.	101034	116.	101895	166.	102794
17.	100258	67.	101057	117.	101900	167.	102796
18.	100263	68.	101060	118.	101949	168.	102808
19.	100265	69.	101063	119.	101950	169.	102819
20.	100276	70.	101066	120.	101959	170.	102821
21.	100282	71.	101080	121.	101971	171.	102838
22.	100285	72.	101087	122.	102003	172.	102869
23.	100291	73.	101116	123.	102010	173.	102876
24.	100299	74.	101148	124.	102011	174.	102886
25.	100330	75.	101166	125.	102023	175.	102890
26.	100335	76.	101177	126.	102045	176.	102899
27.	100337	77.	101200	127.	102060	177.	102921
28.	100358	78.	101236	128.	102106	178.	102931
29.	100366	79.	101249	129.	102122	179.	102937
30.	100371	80.	101253	130.	102161	180.	102938
31.	100376	81.	101271	131.	102171	181.	102942
32.	100388	82.	101275	132.	102189	182.	102944
33.	100391	83.	101285	133.	102201	183.	102967
34.	100395	84.	101289	134.	102210	184.	102983
35.	100397	85.	101304	135.	102273	185.	102992
36.	100408	86.	101327	136.	102286	186.	103017
37.	100438	87.	101330	137.	102316	187.	103024
38.	100441	88.	101348	138.	102317	188.	103043
39.	100454	89.	101349	139.	102325	189.	103140
40.	100469	90.	101364	140.	102328	190.	103150
41.	100539	91.	101373	141.	102340	191.	103196
42.	100569	92.	101389	142.	102343	192.	103214
43.	100583	93.	101475	143.	102349	193.	103218
44.	100588	94.	101479	144.	102390	194.	103240
45.	100603	95.	101483	145.	102396	195.	103250
46.	100656	96.	101507	146.	102434	196.	103295
47.	100658	97.	101569	147.	102474	197.	103299
48.	100709	98.	101580	148.	102476	198.	103313
49.	100711	99.	101587	149.	102486	199.	103345
50.	100733	100.	101593	150.	102487	200.	103371

S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.
201.	103382	306.	105152	411.	106968	516.	108269
202.	103392	307.	105171	412.	106981	517.	108310
203.	103394	308.	105187	413.	106990	518.	108316
204.	103414	309.	105199	414.	107005	519.	108335
205.	103435	310.	105207	415.	107022	520.	108385
206.	103440	311.	105234	416.	107025	521.	108387
207.	103441	312.	105236	417.	107055	522.	108390
208.	103486	313.	105246	418.	107057	523.	108397
209.	103488	314.	105287	419.	107073	524.	108417
210.	103498	315.	105289	420.	107074	525.	108425
211.	103527	316.	105307	421.	107092	526.	108445
212.	103540	317.	105327	422.	107098	527.	108469
213.	103553	318.	105342	423.	107102	528.	108485
214.	103582	319.	105367	424.	107153	529.	108486
215.	103584	320.	105373	425.	107158	530.	108512
216.	103588	321.	105393	426.	107163	531.	108514
217.	103632	322.	105395	427.	107174	532.	108519
218.	103700	323.	105396	428.	107175	533.	108548
219.	103732	324.	105425	429.	107177	534.	108550
220.	103740	325.	105440	430.	107209	535.	108557
221.	103750	326.	105456	431.	107220	536.	108569
222.	103764	327.	105467	432.	107222	537.	108581
223.	103770	328.	105469	433.	107244	538.	108607
224.	103790	329.	105476	434.	107251	539.	108609
225.	103812	330.	105482	435.	107296	540.	108634
226.	103814	331.	105511	436.	107297	541.	108644
227.	103817	332.	105519	437.	107304	542.	108646
228.	103820	333.	105527	438.	107325	543.	108663
229.	103859	334.	105544	439.	107326	544.	108671
230.	103869	335.	105546	440.	107340	545.	108675
231.	103880	336.	105560	441.	107342	546.	108722
232.	103939	337.	105577	442.	107344	547.	108726
233.	103955	338.	105580	443.	107355	548.	108737
234.	103977	339.	105607	444.	107384	549.	108757
235.	103978	340.	105610	445.	107386	550.	108800
236.	104014	341.	105648	446.	107387	551.	108834
237.	104021	342.	105649	447.	107388	552.	108838
238.	104027	343.	105662	448.	107396	553.	108843
239.	104087	344.	105669	449.	107405	554.	108923
240.	104112	345.	105674	450.	107406	555.	108924
241.	104117	346.	105686	451.	107427	556.	108926
242.	104167	347.	105741	452.	107433	557.	108968
243.	104168	348.	105747	453.	107441	558.	108985
244.	104171	349.	105788	454.	107446	559.	108996
245.	104174	350.	105856	455.	107454	560.	108999
246.	104254	351.	105896	456.	107460	561.	109000
247.	104269	352.	105913	457.	107472	562.	109001
248.	104284	353.	105933	458.	107497	563.	109012
249.	104289	354.	105934	459.	107498	564.	109015
250.	104294	355.	105938	460.	107522	565.	109020
251.	104331	356.	105942	461.	107524	566.	109028
252.	104348	357.	105946	462.	107528	567.	109048
253.	104371	358.	105952	463.	107530	568.	109092
254.	104388	359.	105968	464.	107558	569.	109118
255.	104391	360.	105976	465.	107566	570.	109142
256.	104422	361.	105988	466.	107572	571.	109150
257.	104449	362.	105990	467.	107577	572.	109165
258.	104463	363.	106022	468.	107581	573.	109183
259.	104466	364.	106045	469.	107614	574.	109194
260.	104487	365.	106074	470.	107618	575.	109209
261.	104491	366.	106097	471.	107619	576.	109242
262.	104494	367.	106117	472.	107627	577.	109253
263.	104521	368.	106127	473.	107656	578.	109258
264.	104536	369.	106134	474.	107660	579.	109268
265.	104577	370.	106162	475.	107663	580.	109293
266.	104596	371.	106176	476.	107697	581.	109296
267.	104622	372.	106212	477.	107718	582.	109301
268.	104625	373.	106257	478.	107730	583.	109314
269.	104628	374.	106260	479.	107732	584.	109328
270.	104629	375.	106262	480.	107733	585.	109349
271.	104642	376.	106295	481.	107741	586.	109357
272.	104667	377.	106297	482.	107745	587.	109362
273.	104671	378.	106312	483.	107747	588.	109387
274.	104674	379.	106330	484.	107754	589.	109432
275.	104682	380.	106332	485.	107769	590.	109434
276.	104683	381.	106337	486.	107796	591.	109435
277.	104707	382.	106400	487.	107822	592.	109440
278.	104708	383.	106410	488.	107829	593.	109442
279.	104717	384.	106412	489.	107864	594.	109459
280.	104730	385.	106416	490.	107911	595.	109465
281.	104746	386.	106456	491.	107913	596.	109478
282.	104754	387.	106470	492.	107932	597.	109487
283.	104795	388.	106473	493.	107935	598.	109492
284.	104805	389.	106479	494.	107956	599.	109493
285.	104815	390.	106514	495.	107990	600.	109509
286.	104816	391.	106533	496.	107991	601.	109513
287.	104820	392.	106553	497.	108001	602.	109528
288.	104828	393.	106574	498.	108010	603.	109544
289.	104832	394.	106592	499.	108020	604.	109551
290.	104867	395.	106605	500.	108024	605.	109561
291.	104869	396.	106606	501.	108042	606.	109599
292.	104907	397.	106609	502.	108054	607.	109611
293.	104915	398.	106632	503.	108058	608.	109615
294.	104925	399.	106644	504.	108074	609.	109671
295.	104927	400.	106647	505.	108094	610.	109696
296.	104950	401.	106658	506.	108095	611.	109699
297.	104952	402.	106724	507.	108124	612.	109722
298.	104971	403.	106764	508.	108145	613.	109749
299.	104998	404.	106803	509.	108150	614.	109753
300.	105057	405.	106805	510.	108166	615.	109762
301.	105063	406.	106812	511.	108185	616.	109763
302.	105065	407.	106813	512.	108191	617.	109780
303.	105066	408.	106861	513.	108216	618.	109792
304.	105099	409.	106949	514.	108224	619.	109801
305.	105147	410.	106951	515.	108239	620.	109830

S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.	S.NO.	ROLL NO.
621.	109835	726.	111480	831.	112929	936.	114733	1041.	116348	1146.	118129	1251.	119767	1356.	121382
622.	109840	727.	111483	832.	112931	937.	114754	1042.	116357	1147.	118137	1252.	119773	1357.	121399
623.	109847	728.	111502	833.	112954	938.	114758	1043.	116361	1148.	118169	1253.	119786	1358.	121403
624.	109851	729.	111531	834.	112967	939.	114776	1044.	116365	1149.	118174	1254.	119788	1359.	121418
625.	109886	730.	111534	835.	112990	940.	114781	1045.	116376	1150.	118186	1255.	119801	1360.	121425
626.	109895	731.	111544	836.	113003	941.	114782	1046.	116380	1151.	118188	1256.	119802	1361.	121432
627.	109939	732.	111567	837.	113044	942.	114817	1047.	116415	1152.	118190	1257.	119818	1362.	121452
628.	109946	733.	111573	838.	113048	943.	114818	1048.	116422	1153.	118192	1258.	119822	1363.	121455
629.	109947	734.	111576	839.	113055	944.	114827	1049.	116464	1154.	118232	1259.	119841	1364.	121483
630.	109954	735.	111579	840.	113065	945.	114836	1050.	116469	1155.	118234	1260.	119860	1365.	121498
631.	109972	736.	111592	841.	113072	946.	114837	1051.	116494	1156.	118236	1261.	119865	1366.	121515
632.	109978	737.	111593	842.	113085	947.	114844	1052.	116508	1157.	118259	1262.	119893	1367.	121524
633.	110012	738.	111623	843.	113098	948.	114862	1053.	116519	1158.	118260	1263.	119916	1368.	121581
634.	110026	739.	111646	844.	113111	949.	114863	1054.	116569	1159.	118264	1264.	119931	1369.	121625
635.	110054	740.	111655	845.	113114	950.	114866	1055.	116609	1160.	118289	1265.	119968	1370.	121630
636.	110064	741.	111668	846.	113127	951.	114897	1056.	116659	1161.	118290	1266.	120006	1371.	121702
637.	110080	742.	111694	847.	113132	952.	114917	1057.	116695	1162.	118312	1267.	120023	1372.	121713
638.	110088	743.	111710	848.	113169	953.	114955	1058.	116775	1163.	118350	1268.	120024	1373.	121753
639.	110103	744.	111721	849.	113176	954.	114970	1059.	116784	1164.	118365	1269.	120029	1374.	121765
640.	110109	745.	111736	850.	113178	955.	114998	1060.	116796	1165.	118373	1270.	120063	1375.	121788
641.	110114	746.	111750	851.	113191	956.	115042	1061.	116800	1166.	118375	1271.	120081	1376.	121789
642.	110165	747.	111752	852.	113204	957.	115064	1062.	116805	1167.	118392	1272.	120082	1377.	121801
643.	110192	748.	111756	853.	113209	958.	115068	1063.	116817	1168.	118402	1273.	120115	1378.	121816
644.	110203	749.	111763	854.	113228	959.	115075	1064.	116819	1169.	118407	1274.	120121	1379.	121828
645.	110207	750.	111778	855.	113239	960.	115079	1065.	116950	1170.	118428	1275.	120129	1380.	121844
646.	110222	751.	111800	856.	113243	961.	115087	1066.	116952	1171.	118432	1276.	120137	1381.	121861
647.	110235	752.	111817	857.	113269	962.	115090	1067.	116953	1172.	118512	1277.	120138	1382.	121874
648.	110238	753.	111826	858.	113278	963.	115110	1068.	116955	1173.	118538	1278.	120140	1383.	121886
649.	110249	754.	111830	859.	113288	964.	115119	1069.	116974	1174.	118619	1279.	120145	1384.	121909
650.	110252	755.	111831	860.	113291	965.	115138	1070.	116976	1175.	118621	1280.	120153	1385.	121912
651.	110278	756.	111835	861.	113306	966.	115144	1071.	116993	1176.	118636	1281.	120182	1386.	121914
652.	110279	757.	111867	862.	113309	967.	115150	1072.	116999	1177.	118658	1282.	120215	1387.	121949
653.	110288	758.	111876	863.	113310	968.	115167	1073.	117026	1178.	118661	1283.	120229	1388.	121957
654.	110305	759.	111882	864.	113315	969.	115230	1074.	117037	1179.	118662	1284.	120242	1389.	121971
655.	110312	760.	111892	865.	113318	970.	115237	1075.	117038	1180.	118686	1285.	120248	1390.	121977
656.	110315	761.	111895	866.	113368	971.	115243	1076.	117044	1181.	118690	1286.	120272	1391.	121987
657.	110356	762.	111900	867.	113375	972.	115267	1077.	117107	1182.	118696	1287.	120283	1392.	122000
658.	110396	763.	111938	868.	113415	973.	115268	1078.	117111	1183.	118709	1288.	120304	1393.	122006
659.	110423	764.	111950	869.	113419	974.	115284	1079.	117134	1184.	118713	1289.	120327	1394.	122008
660.	110424	765.	111971	870.	113427	975.	115328	1080.	117137	1185.	118717	1290.	120351	1395.	122076
661.	110438	766.	111975	871.	113437	976.	115402	1081.	117138	1186.	118757	1291.	120355	1396.	122079
662.	110456	767.	112001	872.	113476	977.	115418	1082.	117142	1187.	118760	1292.	120370	1397.	122080
663.	110460	768.	112047	873.	113481	978.	115463	1083.	117163	1188.	118806	1293.	120420	1398.	122090
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
9. प्रथम प्रश्न-पत्र में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार किया गया है। द्वितीय प्रश्न-पत्र के अंक इसके साथ जोड़े नहीं गये हैं। द्वितीय प्रश्न-पत्र में श्रेणीवार (UR, EWS, OBC CREAMILAYER हेतु 40 प्रतिशत एवं SC, ST, OBC NON-CREAMILAYER, PH (VH, HH, OH, MD) हेतु 30 प्रतिशत) न्यूनतम उत्तीर्णांक अर्जित किये हैं, उन्हीं अभ्यर्थियों के प्रथम प्रश्न-पत्र में प्राप्त अंकों के आधार पर गुणानुक्रम बनाया गया है।
10. प्रथम प्रश्न-पत्र के कुल-100 प्रश्नों के कुल 100x2 = 200 अंकों के आधार पर गुणानुक्रम की गणना की गई है।
11. उपरोक्तानुसार जारी लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक 25181/2019 तथा संबंधित अन्य याचिकाओं के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

जी-21758/46526/2022 **उप परीक्षा नियंत्रक**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन : 0734-2527715
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in, मोबा. : 9406808103
क्र. 100/पय/मप्रपुहाडेकालि/उज्जैन दिनांक : 24.01.2022

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 25/2021-22

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 25/2021-22 दिनांक 24.01.2022 के अंतर्गत निर्माण कार्य 400 मीटर सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक, नानाखेड़ा स्टेडियम, उज्जैन (टॉप लेयर्स ओव्हर सबग्रेड) कार्यों की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_181076 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 25.01.2022 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/103426/46548/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Developmment Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./1576/22/D-12/NIT-Maint./2022 Bhopal, Dated : 25.01.2022

NOTICE INVITING TENDER No. 172/MTN/2022 (Flood Damage)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

1. Table No. 1 - **Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA & OTHER SCHEMES.**

- **Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Ashoknagar	2	388000.00
2.	Guna	2	1070000.00
3.	Rajgarh	1	448000.00
4.	Sheopur	3	11157000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 01.02.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/103456/46551/2022 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 9406808103
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in फोन नं. 0734-2527715
क्र. 107/पय/मप्रपुहाडेकालि/22/ उज्जैन, दिनांक 27.01.2022

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 26/2021-22

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 26/2021-22 दिनांक 27.01.2022 के अंतर्गत जिला उज्जैन, शाजापुर, नीमच, मंदसौर में जिला/सिविल अस्पतालों के उन्नयन कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_181190, 2022_MPPHC_181192, 2022_MPPHC_181193, 2022_MPPHC_181195 कुल 4 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 27.01.2022 17.00 बजे से** क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/103460/46552/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal - 462011 (M.P.)

NOTICE INVITING E-TENDERS FOR RRMNU

ADB assisted Rural Connectivity Investment Programme (SRCIP) (2nd Call)

No./1467/22/D-12/RRNMU/2022 Bhopal, Dated : 24.01.2022

Online item rate Bids for : Supply, Testing, Installation and commissioning of Equipment under ADB assisted Second RCIP are invited on e-procurement portal **https://mptenders.gov.in** as given below :-

S.No.	Description of Equipment
1.	Lab Equipments – Supply, testing, Installation and commissioning of Equipment- Lab testing- field testing etc for RRNMU, Bhopal Gwalior, Indore, Rewa, Sagar & Ujjain

1. Bid Document may be seen, downloaded and purchased from **27.01.2022 from 17:30 Hrs.**
2. Last date for submission of Bid is 24.02.2022 upto 17:30 Hrs.
3. Others Details may be seen in Detail NIB and Bid Document May 2021 available on our e-procurement portal **https://mptenders.gov.in**

Madhyam/103419/46547/2022 **CHIEF GENERAL MANAGER**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण

टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)

विज्ञापन

उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार एवं स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ के रिक्त पदों की पदपूर्ति हेतु विज्ञापन

खेल और युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित म.प्र. विभिन्न अकादमियों हेतु ए, बी, सी, डी एवं ई श्रेणी के उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार तथा स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञों की आवश्यकता है। पदों की पूर्ति करने हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 14.02.2022 तक** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश में आमंत्रित किए जाते हैं।

उच्च तकनीकी प्रशिक्षक सह सलाहकार के रिक्त पद व पदों से संबंधित योग्यता/अनुभव एवं अर्हता तथा अन्य संबंधी जानकारी मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट **www.dsywmp.gov.in** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/103468/46554/2022 **संचालक**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल

प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट एवं सिस्टम एनालिस्ट के पदों को संविदा से भरे जाने हेतु विज्ञापन

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट एवं सिस्टम एनालिस्ट के पदों की पदपूर्ति संविदा से किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	पदनाम	पद संख्या
1.	प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट	01
2.	सिस्टम एनालिस्ट	01

नोट - 1. आवेदन **दिनांक 21.02.2022 सायं 05.30 बजे तक** प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल, 'चयन भवन', मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011 में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अंकित करें। समय सीमा के पश्चात आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

2. प्राप्त आवेदनों की परीक्षण उपरांत पद हेतु उपयुक्त आवेदकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाकर अंतिम चयन किया जायेगा। आवेदन के संबंध में पीईबी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

3. पदों से संबंधित समस्त विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पीईबी की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

विज्ञापन क्र. 02/2022

म.प्र. माध्यम/103469/46555/2022 **संचालक**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 25/2021-22 अमरपुर विकासखण्ड मानपुर में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य जिला-उमरिया (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_177913) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.02.2022 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/103434/46549/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P. – 462011
Short NIT No. 1630 dated 27.01.2022

Online tenders (in two envelope system) are invited from registered and reputed venders on E-tender portal (**www.mptenders.gov.in**) for maintenance of walmi campus under MPRRDA & RRNMU, Bhopal on terms and conditions given in detailed NIT. Critical dates for submission of offer are as given below :-

S.No.	Stages	Date & Time
1.	Publishing Date	31.01.2022 from 17.00 hrs.
2.	Document Download/ Sale Start Date	31.01.2022 from 17.30 hrs.
3.	Bid Submission Start Date	01.02.2022 from 11.00 hrs.
4.	Bid Submission Closing Date	15.02.2022 upto 17.00 hrs.
5.	Bid Opening Start Date	18.02.2022 from 11:00 hrs.

Other details may be seen in detailed NIT available on tender portal **www.mptenders.gov.in.** Date of opening of Financial offer will be notified on the portal after evaluation of Technical bid.

CHEIF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/103467/46553/2022 **(TENDER)**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Regional Office : 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.) (CIN : U51102MP1977SGC001392)
Phone : (0) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629
Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/RO-IND/ACCTS/2022/16776 Date : 28.01.2022

REQUIREMENT OF CHARTERED ACCOUNTANT

MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD., REGIONAL OFFICE-INDORE, and its subsidiary companies require the services of a Chartered Accountant on contract basis. Application Form and Terms & Conditions can be obtained from the website **www.mptenders.gov.in**. Last date for **online submission is 22.02.2022.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/103475/46556/2022 **(ACCOUNTS)**

Maa Narmada Mahavidhyalay (Degree College)
Maa Narmada College of Education (B.Ed. College)

(Affiliated to D.A.V.V. Indore)
Maheshwar Road, Dhamnod (Dhar) 99266-36660 E-mail : mndcdhamnod03@gmail.com

REQUIRED

Principal	:	Eligibility Ph.D. - 01 Post (Degree College)
Asst. Professor	:	Computer, Commerce, Management, Biotechnology, Physics, Chemistry, Hindi, English, Maths, Sociology, Seed Tech., Botany, Zoology, Horticulture (For Degree College) Each 02 Post
Lecturer/ Asst. Professor	:	Perspective in Education - 03 Post for B.Ed College
	:	Pedagogy Subject (Physics, Chemistry, Maths, Biology, Commerce, Sociology, Economics, Geography, Languages) -07 Post For B.Ed. College

* Qualification & Salary as per UGC/NCTE/University Norms (College Code 28)
* No salary bar for Deserving Candidate.
* Apply with all Testimonials & latest Photo within 7 Days.

Director
R-46545/2022

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

"CEDMAP BHAWAN" 16-A, Jail Road, Arera Hills, Bhopal-462004
PAN No. : AACCM6080D, GSTIN : 23AACCM6080DIZU
Regional Office Add. - 1st Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore (MP) 452001, Email : ed.roind@mpidc.co.in, www.invest.mp.gov.in
No. MPIDC/R.O.-INDORE/TECH/2022/16657 Date : 25.01.2022

NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)

MPIDC Regional office Indore (formerly known as MPAKVN(I) Ltd., Indore) invites online Item Rate schedule for Percentage Rate tenders from eligible contractors registered in MPPWD and having relevant experience individually through e-portal : **https://www.mptenders.gov.in** as mention below-

S. No.	Name of work	PAC	Cost of tender form	EMD	Last date of submission
1.	Supply and Installation of Battery for Elevator Lift, Control Room and D.G. Set of Crystal I.T. Park, Indore.	Rs. 6.99 Lakhs + L.U.T.	Rs. 2360/- (i/c GST)	Rs. 13,980/-	08.02.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
Note : The NIT will be uploaded on website of e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** within **3 days** from publication in news paper.

M.P. Madhyam/103442/46550/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

सुकन्या समृद्धि योजना में 23 लाख खाते खोल मध्यप्रदेश बना नंबर वन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संकल्प को पूरा करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना को उपयोगी माना है। यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि योजना में मध्यप्रदेश पूरे देश में प्रथम है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए उनके स्वप्नों को साकार करना हम सभी का दायित्व है। मध्यप्रदेश ने सुकन्या समृद्धि योजना में अब तक करीब 23 लाख खाते खुलवाने की उपलब्धि अर्जित की है, जिसमें कुल 4238 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का संग्रहण हुआ है। निश्चित ही बेटियों में बचत की प्रवृत्ति का विकास हो रहा है। उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास होंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में डाक विभाग के सहयोग से वर्तमान वित्त वर्ष में 5 लाख 68 हजार से ज्यादा सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए। मध्यप्रदेश ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। योजना ने प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। इसके लिए डाक विभाग भी बधाई का पात्र है। अभिभावकों और बेटियों ने योजना को भरपूर समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के सफलतम 7 वर्ष भी पूर्ण हो गए हैं। बैंकों का भी सराहनीय सहयोग रहा है। निश्चित ही एक सार्थक योजना के सफल 7 वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए संतोष का विषय भी है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर्स से अन्य पात्र बालिकाओं को इस योजना से जोड़ने का आग्रह किया है।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में गांव के आखिरी व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाओं और उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध स्वावलंबी बनाने के लिये डाक विभाग 'बचत खाता खुशहाली का' अभियान प्रारम्भ कर रहा है। यह एक अच्छी पहल है, जिसमें सभी जिले वित्तीय समावेशन को नई दिशा दे सकते हैं। बालिकाओं के सुकन्या खातों के साथ बालकों के लिए पीपीएफ खाता भी खोलने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य से ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं स्वावलंबी बनाने में मदद मिलेगी।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि का विविधीकरण आवश्यक

किसान स्वयं स्थापित करें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग इकाइयां - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के संबंध में आयोजित बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश संतरा, धनिया, लहसुन उत्पादन में देश में पहले नंबर पर है। अदरक, मिर्ची, अमरूद, मटर और प्याज के उत्पादन में प्रदेश पूरे देश में दूसरे नंबर पर है। अगर किसान अपने इस उत्पादन की छोटी-छोटी फूड प्रोसेसिंग इकाई खोल लें, तो जनता को शुद्ध सामग्री, युवाओं को रोज़गार के अवसर और किसानों को उनके उत्पाद के ठीक दाम मिल सकेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना बनाकर ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस योजना में ग्वालियर, मुरैना और सीहोर के इन्क्यूबेशन सेंटर निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय ग्वालियर, कृषि विज्ञान केंद्र, मुरैना और कृषि महाविद्यालय, सीहोर में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना के लिए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित भूमि-पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुये कहीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण की प्रक्रिया पर प्रदेश में कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता है। किसानों को अपने उत्पाद की गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, मार्केटिंग, ब्रांडिंग के संबंध में जानकारी देने और इनकी प्रक्रियाओं से अवगत कराने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में किसान को 10 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी। अनुदान का 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार बड़ी यूनिट लगाने पर ढाई करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 15 साल में प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अनेक योजनाएं बनाकर हमने प्रयत्नपूर्वक तय किया कि प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में आगे लाएंगे। इसी का परिणाम है कि प्रदेश को अनेक बार कृषि कर्मण अवॉर्ड प्राप्त हुआ। मध्यप्रदेश ने कृषि उत्पादन में रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। प्रदेश में 43 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदकर रिकॉर्ड स्थापित किया गया है। आज मध्यप्रदेश में पंजाब से भी अधिक गेहूं पैदा होता है। मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूर्ण करने में सतत् सहयोग प्रदान कर रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। राज्य सरकार फसलों के उत्पादन के साथ उद्यानिकी को प्रोत्साहित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में सक्रिय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान की आय बढ़ाने के लिए कृषि के विविधीकरण की आवश्यकता है। फल, फूल, सब्जी, औषधियों की खेती को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश को कृषि उत्पादन में देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान को बधाई दी। श्री तोमर ने कहा कि कोविड के समय जब अन्य आर्थिक गतिविधियां बंद थीं, उस समय कृषि ने ही अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान किया।

सुशासन संस्थान

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में कर रहा है सुविचारित तरीके से कार्य

संस्थान परिसर में शोधार्थियों के लिए रीडर्स कॉर्नर प्रारंभ

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में बरगद का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री के साथ संस्थान के अधिकारी-कर्मचारियों ने संस्थान परिसर में नीम, आम, पीपल, जामुन, करंज, अमलतास, पलाश आदि के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारी और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता, जन-जन में जागरूकता लाने और अधिक से अधिक पौधे रोप कर धरती को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान देने की शपथ दिलवाई।

मुख्यमंत्री ने संस्थान में शोधार्थियों के लिए बने रीडर्स कॉर्नर का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संस्थान, प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने, समन्वित विकास और गुड गवर्नेंस के लिए सुविचारित तरीके से कार्य कर रहा है। संस्थान ने अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों को सरकार के साथ जोड़ा है। जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह संस्थान बनाया गया था, अब उस उद्देश्य की पूर्ति हो रही है। श्री चौहान ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और पौधे लगाने की गतिविधियों में हो रहे निरंतर विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त की।

स्टार्ट-इन-इंदौर कॉन्क्लेव

इंदौर को देश का स्टार्ट-अप कैपिटल बनाया जाएगा - मुख्यमंत्री

इंदौर, स्टार्ट-अप के लिये प्रदेश में अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। स्टार्ट-अप के लिये वित्तीय मदद तथा अन्य सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी। इंदौर को देश का स्टार्ट-अप कैपिटल बनाया जायेगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे आगे आकर अधिक से अधिक स्टार्ट-अप प्रारंभ करें। राज्य शासन उन्हें पूरी मदद करेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में युवा स्टार्ट-अप उद्यमियों द्वारा आयोजित स्टार्ट-इन-इंदौर कॉन्क्लेव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में युवा स्टार्ट-अप उद्यमियों द्वारा आयोजित स्टार्ट-इन इंदौर कॉन्क्लेव का शुभारंभ करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में कार्य करने की असीम क्षमता है। दुनिया में असंभव कुछ भी नहीं है। मनुष्य चाहे तो ब्रह्माण्ड में भी कमाण्ड कर सकता है। जो वह सोच सकते हैं, वह सब कर भी सकते हैं। करो ऐसा कि दुनिया उसे देखती रह जाये और याद करे। मन में कुछ करने की ललक पैदा की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप की सफलता भी इन्हीं बातों पर निर्भर है।

श्री चौहान ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता है। आज आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के चार प्रमुख आयाम हैं, इनमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, हेल्थ और एजुकेशन, गुड गवर्नेंस, अर्थव्यवस्था और रोज़गार शामिल है। प्रदेश में तेजी से औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है। नए औद्योगिक केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर को कैपिटल ऑफ स्टार्ट-अप बनाया जाएगा। नये उद्योगों के लिये अलग-अलग क्षेत्रों में नवीन इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किये जा रहे हैं। सभी स्टार्ट-अप आगे बढ़ें, यह राज्य शासन की मंशा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आए सुझावों को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप को मदद करने के लिए वेंचर फंड की स्थापना की जाएगी। इस संबंध में कारगर योजना बनाई जाएगी। इंदौर को आईटी हब बनाने की दिशा में भी तेजी से कार्य होंगे। श्री चौहान ने कहा कि उद्यमियों को जमीन, वित्तीय सुविधा आदि मुहैया कराने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। स्टार्ट-अप को वित्तीय मदद देने के लिए मॉडल विकसित किया जाएगा। ग्लोबल स्टार्ट-अप इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन भी होगा।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंशा है कि इंदौर स्टार्ट-अप का हब बने। उनकी इस मंशा को मूर्तरूप देने का कार्य शुरू हो गया है। इंदौर में 300 स्टार्ट-अप उद्यमियों का फोरम बनाया गया है। इस फोरम का यह पहला कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही एक और महा-सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि इंदौर में 24 घंटे कार्य करने की संस्कृति एवं वातावरण को विकसित किए जाने की जरूरत है।

जल जीवन मिशन में अब तक करीब 46 लाख नल कनेक्शन

भोपाल, जल जीवन मिशन में प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को नल से जल दिए जाने की व्यवस्था का कार्य तेजी से जारी है। समूचे प्रदेश में मिशन संचालन से अब तक 45 लाख 80 हजार 924 परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाया गया है, जो लक्ष्य का 37.46 प्रतिशत है।

प्रदेश के सभी जिलों में मिशन में जारी कार्य से 4 हजार 38 गांवों में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन किए जा चुके हैं। प्रदेश के 5 संभागों के 14 जिलों में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति 45 से 99 प्रतिशत तक हो चुकी है, इनमें इन्दौर संभाग के 5 जिले, उज्जैन के 3, जबलपुर के 3, होशंगाबाद के 2 और ग्वालियर का एक जिला शामिल है।

साहित्य अकादमी द्वारा छः बोलियों के साहित्यिक कृति पुरस्कारों की घोषणा

भोपाल, संस्कृति विभाग की संस्कृति परिषद अंतर्गत साहित्य अकादमी द्वारा प्रदेश की छः बोलियों के कैलेण्डर वर्ष 2018 एवं 2019 के साहित्यिक कृति पुरस्कारों की घोषणा की गई है। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉक्टर विकास दवे ने बताया कि यह पुरस्कार मालवी, निमाड़ी, बघेली, बुंदेली, भीली और गोंडी बोली में रचित रचनाओं के लिए दिए जाते हैं। भीली और गोंडी बोली के पुरस्कार के लिए कोई भी कृति प्रविष्टि के रूप में प्राप्त नहीं होने से शेष बची 4 बोलियों में यह पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। साहित्यिक कृति पुरस्कार में सम्मान स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है।

साहित्यिक कृति पुरस्कारों में वर्ष 2018 के लिए मालवी में 'संत पीपा' स्मृति पुरस्कार इंदौर की श्रीमती हेमलता शर्मा को कृति 'मालवी डबल्यो' के लिए, निमाड़ी में संत सिंगाजी स्मृति पुरस्कार बड़वानी के श्री प्रमोद त्रिवेदी 'पुष्प' को 'तमक कइ करनुज' के लिए, बघेली के लिए विश्वनाथ सिंह जूदेव स्मृति पुरस्कार सतना के श्री अनूप अशेष को 'बानी आदिम' के लिए, बुंदेली में छत्रसाल स्मृति पुरस्कार टीकमगढ़ के श्री दीनदयाल तिवारी को उनकी कृति 'बेताल की चौकड़िया' के लिए दिया गया है।

इसी तरह वर्ष 2019 के लिए मालवी में संत पीपा स्मृति पुरस्कार उज्जैन के श्री सतीश दवे को कृति 'बात को बतंगड़' के लिए, निमाड़ी में संत सिंगाजी स्मृति पुरस्कार खरगोन के श्री जगदीश जोशीला को 'निमाड़ी धंधोरया के लिये, बघेली में विश्वनाथ सिंह जूदेव स्मृति पुरस्कार सीधी की डॉ. अंजनी सिंह सौरभ को कृति 'ठठरा मां सांसि' के लिए और बुंदेली में छत्रसाल स्मृति पुरस्कार दतिया के डॉ. राज गोस्वामी को उनकी रचना 'मौं ढांकें करिया में' के लिए दिया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

देश के लिए बलिदान होने वाले
वीर सपूतों को शत्-शत् नमन।

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

73वें
गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

जनभागीदारी से
आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन - मध्यप्रदेश माध्यम/2022

D/1111-21/R-46534/2022

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

क्लस्टर बनाकर ...

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। नदियों के पानी को रोककर किसान के सूखे खेत की प्यास बुझाने में मध्यप्रदेश ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। कभी जब यह मांग की गई थी कि नर्मदा का पानी क्षिप्रा में लाओ तो कह दिया गया था कि इंपॉसिबल है, यह हो नहीं सकता। हमने कहा असंभव शब्द हमारे शब्द-कोष में नहीं है। नर्मदा जी को क्षिप्रा से जोड़ा गया, गंभीर से जोड़ा गया, अब कालीसिंध और पार्वती नदी से जोड़ रहे हैं। मालवा और निमाड़ में नर्मदा जी से अन्य नदियों में पानी लेकर किसानों के खेतों की प्यास बुझा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि न केवल मालवा और निमाड़ में, बल्कि विंध्य, बुंदेलखंड, महाकोशल, भोपाल, ग्वालियर, चंबल संभाग में भी किसान भाइयों के खेतों में पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि कभी मध्यप्रदेश में सिंचाई का रकबा साढ़े 7 लाख हेक्टेयर हुआ करता था, जिसे बढ़ाकर हमने 43 लाख हेक्टेयर कर दिया और आने वाले समय में इसे 65 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश के हिस्से की नर्मदा जी की एक-एक बूंद का उपयोग करेंगे। इसके लिये नई-नई सिंचाई योजनाएं बना-बनाकर न केवल सिंचाई के लिए बल्कि पीने के लिए स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों के साथ गांव में भी पेयजल संकट को खत्म करने का संकल्प हमने लिया है। प्रदेश के हर एक गांव में घर-घर नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। जल जीवन मिशन में तेजी से कार्य किया जा रहा है। पिछले डेढ़ साल में 44 लाख घरों में पानी पहुंचाया जा चुका है। शीघ्र ही 2 करोड़ घरों तक पानी ले जाएंगे, जिससे हमारी बहनों और बेटियों को घर से बाहर निकलकर पानी न लाना पड़े।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के मेहनती किसानों ने अन्न के भंडार भरे हैं और उचित दाम देने के लिए हमने रिकॉर्ड स्तर पर खरीदी भी की है। गेहूं के उत्पादन में मध्यप्रदेश के किसानों ने पंजाब को पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल 1 करोड़ 28 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हमने खरीदी की थी। इस साल 45 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की धान हमने खरीदी है। अन्न के भंडार भरपूर हैं, रखने की जगह नहीं है, अस्थाई कैंप में रखा जा रहा है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम किसानों द्वारा उत्पादित खाद्यान्न खरीदेंगे नहीं। किसानों की सभी फसलें खरीदी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में फसलों का विविधीकरण जरूरी है। केमिकल फर्टिलाइजर ने हमारी धरती की उर्वरक क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसलिए हमें गेहूं और धान के अलावा बाकी फसलें भी लगानी होंगी और साथ में प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर बढ़ना होगा। जैविक खेती में आज भी मध्यप्रदेश देश में नंबर वन है। इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 22 महीने में लगभग 1 लाख 48 हज़ार करोड़ रुपये किसानों के खाते में डाले गये हैं। पिछले साल की फसल बीमा योजना का पैसा भी जल्द किसानों के खातों में डाला जायेगा। मौसम की मार से अगर किसानों की फसलें प्रभावित होंगी तो उनको राहत देने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का पैसा लगातार किसानों के खाते में दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र का मतलब 'जनता का राज' है। भगवान ने जो संसाधन दिए हैं, वह सबके लिये हैं। लेकिन समाज में असमानता दिखाई देती है। हमारा संकल्प है कि गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, लिखाई, दवाई, रोज़गार का इंतजाम सबके लिए सुलभ कराएंगे। हमारी सरकार गरीब भाई-बहनों को सस्ता राशन देने मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना और कोविड-19 के कठिन काल में निःशुल्क राशन देने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 साल में 16 हज़ार करोड़ रुपये हमने गरीबों को राशन देने पर खर्च किये हैं। प्रत्येक माह की 7 तारीख का दिन अन्न उत्सव का दिन होता है, जिसमें गरीब परिवारों को राशन प्रदान किया जाता है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के हर गरीब का अधिकार उसका मकान है। हमने 28 लाख मकान अब तक बनाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख से अधिक मकान बन रहे हैं। हमारी कोशिश है कोई गरीब झोपड़ी में न रहे और जल्दी उनको पक्का मकान बनाकर दिया जाए। इसके लिए गांव और शहरों में अभियान चलाएंगे। प्रदेश के हर भूमिहीन परिवार को मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना से जमीन का मालिक बनाया जाएगा। शहरों में बहुमंजिला भवन (मल्टी) बनाकर आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी ने हमें बता दिया है कि इलाज और उसकी निःशुल्क व्यवस्था एक बड़ी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत अभियान चलाया है। मध्यप्रदेश में योजना में 2 करोड़ 60 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। उन्होंने आह्वान किया कि जिन पात्र लोगों के कार्ड नहीं बने हैं, वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। प्रशासन इस काम में शिद्दत से कार्य करे। आयुष्मान कार्ड से सरकारी और शासन से संबद्ध अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सभी जिलों में रोज़गार दिवस मनाया। हमने तय किया था कि 1 लाख रोज़गार हर महीने देंगे। मुझे प्रसन्नता है कि 2 महीने में ही हमने 5 लाख 26 हज़ार लोगों को स्व-रोज़गार के लिए अलग-अलग योजनाओं से ऋण दिलवाकर उनकी आजीविका की गाड़ी पटरी पर लाये हैं। यह क्रम जारी रहेगा। आगामी 25 फरवरी के दिन फिर रोज़गार दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना में बिना ब्याज की ऋण राशि उपलब्ध करवाकर युवाओं को रोज़गार से जोड़ा जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स के लिये आदर्श व्यवस्था बनाने के लिये हॉकर्स कॉर्नर बनाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल से अब तक लगभग 44 हजार सरकारी नौकरियों में हमने भर्ती की है। भर्ती का अभियान जारी रहेगा। अगले साल तक एक लाख नौकरियां और दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी नौकरियां रोज़गार की पूर्ति नहीं कर सकतीं। प्राइवेट सेक्टर में भी रोज़गार के अवसर उपलब्ध करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे भी गजब प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टार्ट-अप के क्षेत्र में इंदौर के नौजवानों ने अद्भुत रिकॉर्ड बनाए हैं। हम जल्द ही स्टार्ट-अप की नई नीति लाने वाले हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि उनके पास इनोवेटिव आइडिया है तो उसे सरकार के साथ शेयर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं चाहता हूं कि इंदौर देश की स्टार्ट-अप राजधानी बने। मैं कुछ बच्चों से बात भी कर रहा हूं, जिन्होंने स्टार्ट-अप के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से हमारी बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हों, इसके लिए प्रयास लगातार जारी हैं। स्व-सहायता समूह की बहनों ने अपनी मेहनत से एक नया इतिहास रचा है। लगभग 40 लाख बहनें अभियान से जुड़ी हैं। उनके द्वारा अलग-अलग उत्पाद का निर्माण कर रोज़गार के नए-नए अवसर पैदा किये जा रहे हैं। समूह के कामों को हम तेजी से आगे बढ़ाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में लगातार निवेश आ रहा है। इस साल लगभग 38 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया है। प्रदेश के कई क्षेत्र औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं। बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई के माध्यम से अलग-अलग क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। हम एमएसएमई के माध्यम से रोज़गार के अवसर पैदा करेंगे, जिससे समाज के हर वर्ग का कल्याण हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के लिए हमने तय किया था कि पेसा एक्ट कानून लागू करेंगे, उस पर कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। चिन्हित ब्लॉकों में 'राशन आपके ग्राम योजना' प्रारंभ कर दी गई है। सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को संत रविदास जी की जयंती से 14 अप्रैल डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती तक अनुसूचित जाति के कल्याण के अनेकों कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसी प्रकार अन्य वर्गों के हित में भी राज्य सरकार ने अनेक निर्णय लिये हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मुझे खुशी है कि प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना में 41 लाख बेटियां लाड़ली लक्ष्मी बन चुकी हैं। वर्ष 2012-13 में जहां प्रदेश का लिंगानुपात एक हजार बेटों पर 914 बेटियों का था, वह बढ़कर अब 956 हो गया है। मेरा यह अभियान तब-तक जारी रहेगा, जब तक बेटे और बेटियां बराबर की संख्या में जन्म न लें। बेटियों के बिना दुनिया नहीं चल सकती है। महिला सशक्तिकरण के लिए बेटियों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं बनाई गई हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राइज स्कूल खोलने का अद्भुत कार्य किया जा रहा है। यह स्कूल 18 से 26 करोड़ रुपये तक के बनेंगे, जो सर्वसुविधायुक्त होंगे। मैं जानता हूं कि हर एक बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर मिले। श्री चौहान ने कहा कि मैं चाहता हूं कि कई बच्चे विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले प्रतिभावान होते हैं, लेकिन अंग्रेजी में प्रतिभा का प्रकटीकरण नहीं कर पाते। हमने यह तय किया है कि मध्यप्रदेश में अगले साल से मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में करवाई जाएगी, जिससे अंग्रेजी न जानने वाले बच्चे भी डॉक्टर और इंजीनियर बन सकें। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय को भारत के 100 प्रमुख विश्वविद्यालयों में शामिल किये जाने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और शहरी एवं ग्रामीण विकास के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश बनाने में सुशासन हमारा मूल मंत्र है। सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समाधान ऑनलाइन के साथ मोबाइल पर जन सुविधाएं देने का नया अभियान हमने चलाया है। जनता को बिना किसी परेशानी के निश्चित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ मिले, इस दिशा में हम निरंतर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने यह भी फैसला किया है कि असामाजिक तत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। माफियाओं के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। हजारों हेक्टर जमीन हमने माफियाओं से मुक्त कराई है और कई जगह जहां इन्होंने कब्जा किया था, अब वहां गरीबों के मकान बनाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इंदौर में और भोपाल में पुलिस कमिश्नर सिस्टम को लागू किया है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में धार्मिक और पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने का कार्य भी किया जा रहा है। पर्यटन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान लेकर उभरा है। पर्यटन को रोज़गार से जोड़ने के काम भी व्यापक रूप से किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता में इंदौर ने नया रिकॉर्ड बनाया है। इंदौर देश के लिये अब आइकॉन बन गया है। मध्यप्रदेश स्वच्छता में तीसरे नंबर पर आया है। सभी के मिले-जुले प्रयासों से हम मध्यप्रदेश को स्वच्छता में पहले नंबर पर लाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी मार्च में फिर स्वच्छता सर्वेक्षण प्रारंभ होगा। इसमें गांव हो या शहर, सभी जगह स्वच्छता के नये आयाम स्थापित कर हम मध्यप्रदेश को स्वच्छता में भी नंबर वन बनायें।

श्री चौहान ने कहा कि मैंने प्रदेशवासियों से अपील की थी कि कुपोषण समाप्त करने के लिए एक आंगनवाड़ी गोद लें। मध्यप्रदेश में 97 हजार आंगनवाड़ी में से 48 हजार आंगनवाड़ी गोद ली गई हैं। गोद लेने का मतलब उस आंगनवाड़ी में शासकीय सुविधाएं ठीक से मिलें, यह प्रयास करना है। आंगनवाड़ियों में बेहतर काम करते हुए हमें अपने बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि मैं पिछले दिनों भोपाल और ग्वालियर नगर के भ्रमण पर निकला था। जहां कुछ लोगों को फुटपाथ पर सोते हुए देखा। ऐसे वर्ग की भी चिंता करते हुए हमने रैन बसेरा बनवाए हैं। यहाँ उन्हें आश्रय दिया जा रहा है। साथ ही दीनदयाल रसोई योजना का लाभ भी जरूरतमंदों को दिया जा रहा है।

श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण के लिये परिवार के विभिन्न अवसरों पर पौध-रोपण जरूर करें। मुख्यमंत्री ने सभी से लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी उत्पादों को नकारने का भी आहवान किया।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त बिजली का उत्पादन हो रहा है। जनता को सस्ती बिजली देने के लिये 21 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि फालतू बिजली जलाई जाये। उन्होंने कहा कि जितनी जरूरत हो, बिजली का उतना ही उपयोग करें। बिजली बचाना, बिजली बनाने के बराबर है। श्री चौहान ने कहा कि हर शहर और हर गांव वासी अपने गांव-शहर को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। उन्होंने नशामुक्ति के लिये भी प्रदेशवासियों का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और एक शक्तिशाली भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में सभी अपना योगदान दें।

मध्यप्रदेश को बाल प्रतिभाओं पर गर्व है - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ मध्यप्रदेश के तीन बच्चों की आत्मीय बातचीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेता इंदौर निवासी मास्टर अवि शर्मा, अनूपपुर की बनिता दास और हरदा के अनुज जैन की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री से हुए संवाद से बच्चों को भरपूर प्रोत्साहन मिला है। इन बच्चों पर प्रदेश को गर्व है। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी रुचियों को साकार करने के लिए बच्चों के प्रयास मायने रखते हैं। हम सभी का यह कर्तव्य भी है कि इन बच्चों को प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री जी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन निश्चित ही इन बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को जीवन में अनेक सफलताएं प्राप्त करने की शुभकामनाएं भी दी हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इंदौर के बाल लेखक मास्टर अवि शर्मा की प्रतिभा अद्भुत है। इतनी कम उम्र में उन्होंने 250 छंदों की बालमुखी रामायण लिख डाली। साथ ही अवि के पास संस्कृत के श्लोक धारा प्रवाह बोलने की कला है। अवि शर्मा कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। इसी तरह हरदा के श्री अनुज जैन इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड की विभिन्न स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर कई पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा

रोबर्टा मेटसोला

माल्टा की सांसद ईयू की अध्यक्ष बनीं

द्वीपीय देश माल्टा की क्रिश्चियन डेमोक्रेट नेता रोबर्टा मेटसोला यूरोपीय संघ (ईयू) की संसद की अध्यक्ष चुनी गयी हैं। 27 देशों के ब्लॉक में अध्यक्ष पद पर चुनी जाने वाली वह तीसरी महिला हैं। मेटासोला इटली के सोशलिस्ट डेविड सासोली की जगह ले रही हैं। मेटासोला 43 वर्ष की उम्र में ईयू की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष बनी हैं।

विक्रम देवदत्त

एअर इंडिया के प्रमुख नियुक्त

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1993 बैच के अधिकारी विक्रम देवदत्त को एअर इंडिया लिमिटेड का चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। उनका पद अतिरिक्त सचिव स्तर का होगा। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि देवदत्त, एजीएमयूटी (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और संघशासित) कैडर के अधिकारी हैं। वह दिल्ली सरकार में प्रधान सचिव (पर्यटन) थे।

स्पाइडर-मैन

कॉमिक पेज 24 करोड़ में नीलाम

1984 की स्पाइडर-मैन कॉमिक बुक की कलाकृति का एक पेज रिकॉर्ड 24.90 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है। मार्वल कॉमिक के सीक्रेट वॉर्स नंबर 8 के पेज 25 के लिए माइक जेक की यह कलाकृति स्पाइडी के काले सूट की है। इसकी बोली 29 लाख रुपये से शुरू होना निर्धारित की गई जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। डलास के 'हेरिटेज ऑक्शन' के चार दिवसीय कॉमिक इवेंट के पहले दिन ही इसकी बोली लिमिट पार कर गई थी।

नवदीप कौर

नेशनल कॉस्ट्यूम अवॉर्ड मिला

मिसेज वर्ल्ड 2022 में भारत की नवदीप कौर टॉप 15 में जगह बनाने में कामयाब हो गयीं। ओडिशा के राउरकेला की रहने वाली कौर ने बेस्ट नेशनल कॉस्ट्यूम का अवॉर्ड जीता। उन्होंने 'कुंडलिनी चक्र' से प्रेरित गोल्डन ड्रेस पहनी थी। इस ड्रेस को अवंत-गार्डे नाम दिया गया। यह ड्रेस नीचे से लेकर मुकुट तक शरीर के चक्रों के माध्यम से ऊर्जा के प्रवाह का प्रतिनिधित्व कर रही है।

मीराबाई चानू

ओलिंपिक रजत पदक विजेता बनीं एएसपी

वेटलिफ्टिंग में ओलिंपिक रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू ने इंफाल में मणिपुर पुलिस विभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेल) के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह की उपस्थिति में कार्यभार लिया। सोशल मीडिया में कार्यक्रम की तस्वीरें साझा करते हुए मीराबाई ने कहा कि यह पद और कार्य मेरे लिए सम्मान और गौरव की बात है।

एडम झदानोविच ने

दुनिया की सबसे ऊंची साइकिल की सवारी की

पोलैंड के एडम झदानोविच का नाम दुनिया की सबसे ऊंची साइकिल बनाने और उसे चलाने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। झदानोविच की यह साइकिल 7.41 मीटर यानि की तकरीबन 24.37 फीट ऊंची है। एडम ने इसे सड़क पर चला कर टेस्टिंग सफलतापूर्वक की। हालांकि यह आम साइकिल की तुलना में थोड़ी धीमी गति से चलती है। इसे चलाते समय हैंडिल और ब्रेक का खास ध्यान रखना पड़ता है।

जारा रदरफोर्ड

सबसे कम उम्र में दुनिया की सैर की

महज 19 वर्षीय बेल्जियम-ब्रिटिश पायलट जारा रदरफोर्ड विमान से दुनिया का चक्कर लगाने वाली सबसे युवा महिला पायलट बन गई हैं। उन्होंने 155 दिन पहले अकेले ही कॉर्ट्रिज्क-वेवेलगेम एयरपोर्ट से यात्रा शुरू की थी। उनसे पहले ऐसा करने वाली सबसे युवा पायलट अमेरिकी की 30 वर्षीय शाएस्टा वाइस थीं। जारा ने कुल 51 हजार किलोमीटर से ज्यादा सैर की। इस दौरान 52 देशों की यात्राएं की और कई देशों में रुकीं भी थीं।

एरिक गार्सेटी

भारत में नए अमेरिकी राजदूत बनेंगे

अमेरिकी सीनेट की फॉरेन रिलेशन कमेटी एरिक गार्सेटी को भारत में राजदूत नियुक्त करने के लिए वोटिंग करेगी। व्हाइट हाउस की तरफ से एरिक गार्सेटी का भारत में राजदूत के लिए नामांकन करीब 6 महीने पहले हुआ था। 22 सीनेटर्स की इस कमेटी की अध्यक्षता सीनेटर मेनेंडेज करेंगे। एरिक बाइडेन के विश्वसपात्रों में से एक हैं। वो फिलहाल लास एंजिलिस के मेयर हैं।



जोनाथन

190 वर्षीय कछुआ गिनीज बुक में शामिल

190 वर्षीय जोनाथन (टर्टल) को गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में धरती पर जीवित सबसे उम्रदराज जीव के रूप में शामिल किया गया है। इस कछुए का जन्म सेशेल्स में 1832 में हुआ था। उम्र के कारण इसे अब आँखों से दिखाई नहीं देता है। वह आदेश सुन सकता है और इसे लोगों के बीच रहना ज्यादा पसंद है।



प्रोफेसर सौमित्र दत्ता

भारतवंशी बने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बिजनेस स्कूल के डीन

भारतवंशी प्रोफेसर सौमित्र दत्ता ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल के डीन बन गए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रोफेसर दत्ता जून 2022 में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। फिलहाल वे न्यूयॉर्क में कॉर्नेल विश्वविद्यालय में प्रबंधन के प्रोफेसर हैं। दत्ता ने इसे अपनी जिंदगी के लिए सम्मान की बात माना है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे महानतम विश्वविद्यालयों में से एक यह अनूठा बिजनेस स्कूल है।

काइली जेनर

इंस्टाग्राम पर बनाया नया रिकॉर्ड

काइली कॉस्मेटिक्स की फाउंडर काइली जेनर ने इंस्टाग्राम पर अपने 300 मिलियन फॉलोअर पूरे कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। इसके साथ ही वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली महिला भी बन गई हैं। फॉलोअर्स की तुलना में अब वह केवल क्रिस्टियानो रोनाल्डो से पीछे हैं। जिनके 388 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

टोंगा

समुद्र के अंदर ज्वालामुखी विस्फोट

न्यूजीलैंड के उत्तर में टोंगा द्वीप पर समुद्र के अंदर ज्वालामुखी विस्फोट हो गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी राख का गुबार 20 किलोमीटर से भी नजर आया साथ ही राख और पत्थर के टुकड़ों की बारिश आसपास के द्वीपों पर हो गई। विस्फोट के बाद टोंगा में सुनामी आ गई। फिजी और न्यूजीलैंड में भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है।

चीन ने

दुनिया का सबसे बड़ा रोबोट याक बनाया

चीन ने चार पैरों से चलने वाला दुनिया का सबसे बड़ा रोबोट याक बनाने का दावा किया है। यह रोबोट याक 160 किलो तक वजन उठा सकता है और 1 घंटे में 10 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है। चीन ने यह रोबोट उन जगहों के लिए बनाया है, जहां इंसान के लिए काम करना मुश्किल होता है।



हॉलैंड ने

समुद्र में उतरने से पहले ही पुल पर फंसा सुपर याट

हॉलैंड में विख्यात जहाज निर्माता कंपनी हेसन द्वारा

बनाया गया 265 फीट लंबा सुपरयाट 'गैलेक्टिका" डेन बॉश के पास एक रेलवे पुल के नीचे फंस गया। इसे समुद्री परीक्षण के लिए उत्तरी बंदरगाह हार्लिंगन शहर ले जा रहा था। लेजर बीम और अन्य तकनीक से इसे निकालने की कोशिश और परीक्षण किए जा रहे हैं। यह 100 करोड़ रुपये की लागत से बना है। इसे परीक्षण करने के लिए समुद्र में उतारा जा रहा था।

नुसंतारा

इंडोनेशिया की नई राजधानी बनेगी

इंडोनेशिया की संसद द्वारा देश की राजधानी जकार्ता से कालीमंतन स्थानांतरित करने की मंजूरी के बाद नई राजधानी नुसंतारा होगी। इंडोनेशिया पार्लियामेंट टेलीविजन ने राष्ट्रीय विकास योजना मंत्री सुहासी मोनोआर्फा के हवाले से कहा कि देश के संसद सभा ने आधिकारिक तौर पर राजधानी नुसंतारा को राजधानी घोषित किया है। इसके लिए बकायदा विधेयक पारित किया गया। वर्ष 2019 में राष्ट्रपति जोको विडोड़ो ने जकार्ता के पर्यावरण और आर्थिक स्थिरता के मद्देनजर राजधानी को स्थानांतरित किए जाने की घोषणा की थी।

बुर्किना फासो में

राष्ट्रपति काबोरे का तख्तापलट

बुर्किना फासो में विद्रोही सैनिकों ने लोतांत्रिक रूप से चुने गये राष्ट्रपति रॉश मार्क क्रिश्चियन काबोरे का तख्तापलट कर सत्ता अपने हाथों में ले ली। राजधानी ओंगाडोगोउ में कई दिनों से जारी हिंसा और अनिश्चितता के बाद हुये हालात पर सरकारी मीडिया पर एक दर्जन से अधिक सैनिकों ने बुर्किना फासो की हुकूमत उनके नये संगठन 'द पेट्रियॉटिक मूवमेंट फॉर सेफगार्डिंग एंड रिस्टोरेशन' के हाथ में जाने की घोषणा की।



स्मृति शेष

यूरोपीय संघ के पूर्व अध्यक्ष डेविड सासोली का निधन

कमजोर वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिए काम कर राजनीति में अपनी जगह बनाने वाले इतालवी पत्रकार एवं यूरोपीय संघ की संसद के अध्यक्ष डेविड सासोली का इटली में निधन हो गया। यूरोपीय संघ परिषद प्रमुख चार्ल्स माइकल ने सासोली को गंभीर, उत्साही और उदार मित्र बताया।

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री तोशिकी काइफू का निधन

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री तोशिकी काइफू का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। काइफू के कार्यकाल में खाड़ी युद्ध के बाद जापानी आत्मरक्षा बल को खाड़ी देश में माइनस्वीपिंग ऑपरेशन करने के लिए जाना जाता था। काइफू ने 1969 में देश के प्रधानमंत्री बनने से पहले कई कैबिनेट पदों पर कार्य किया था।

मशहूर गीतकार इब्राहिम अश्क का निधन

जाने-माने गीतकार इब्राहिम अश्क का 70 वर्ष की उम्र में कोरोना संक्रमण से निधन हो गया। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में जन्मे इब्राहिम अश्क ने 'कहो ना प्यार है, कोई मिल गया, कृष, वेलकम, ऐतबार, जानशीन जैसी लोकप्रिय फिल्मों के गीत लिखे। अश्क ने 1974 में इंदौर विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर किया था।



प्रख्यात रंगमंच कलाकार शाओली मित्रा का निधन

प्रख्यात रंगमंच कलाकार शाओली मित्रा का दक्षिण कोलकाता स्थित निवास पर 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मित्रा बंगाल के प्रख्यात रंगमंच हस्ती और महान अभिनेता सोम्भू मित्रा और तृप्ति मित्रा की पुत्री थीं। शाओली को 2009 में पद्मश्री से नवाजा गया था। उन्हें संगीत नाटक अकादमी सहित अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए थे।

दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति गार्सिया का निधन

दुनिया के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति स्पेन के सैटर्निनो डे ला फुएंते गार्सिया का 112 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अपने 113वें जन्मदिन के महज 24 दिन पहले उन्होंने अंतिम सांस ली। सैटर्निनो ने 112 साल 211 दिन के होने के बाद सितंबर 2021 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। सैटर्निनो को एल पेपिनो के नाम से भी जाना जाता था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अब किस बात का इंतजार, टीके से करो कोरोना पर वार।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 25.07.2021 (रविवार)

प्रारंभिक परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. 9480/03/2022/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 15.01.2022**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित, विज्ञापन क्रमांक-04/2020/28.12.2020 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 10.02.2021 के अंतर्गत सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल के कुल-111 पदों हेतु राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 25.07.2021 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रात: 10.00 से 12.00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02.15 से 04.15 बजे तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार हैं :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद
अनारक्षित (UR)	50
अनुसूचित जाति (SC)	12
अनुसूचित जनजाति (ST)	07
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	32
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	10
कुल	**111**

03. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक-एफ 7/46/2020/आ.प्र./एक दिनांक 15.12.2020 के परिपालन में अनारक्षित श्रेणी के पदों को 40 प्रतिशत मान्य करते हुये एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण का प्रतिशत यथावत् रखते हुये राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 का प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है। उपरोक्तानुसार प्रारंभिक परीक्षा में मुख्य परीक्षा हेतु 20 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल 3129 अभ्यर्थियों की श्रेणीवार सूची तैयार की गई हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं -

श्रेणी	20 गुना + समान अंक
अनारक्षित (UR)	1741
अनुसूचित जाति (SC)	268
अनुसूचित जनजाति (ST)	157
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	698
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	265
कुल	**3129**

04. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 के प्रारंभिक परीक्षा परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह पाये गये कुल-3129 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है -

Madhya Pradesh Public Service Commission
State Forest Service Preliminary Examination 2020
Roll Number wise List of Selected Candidates (Provisional)

S.NO.	ROLL NO.
1.	100019
2.	100022
3.	100043
4.	100111
5.	100119
6.	100123
7.	100126
8.	100136
9.	100197
10.	100263
11.	100282
12.	100301
13.	100441
14.	100458
15.	100469
16.	100588
17.	100658
18.	100740
19.	100742
20.	100769
21.	100887
22.	100939
23.	100982
24.	100994
25.	101015
26.	101060
27.	101075
28.	101080
29.	101177
30.	101200
31.	101253
32.	101304
33.	101372
34.	101479
35.	101498
36.	101507
37.	101569
38.	101833
39.	101884
40.	101900
41.	101925
42.	101950
43.	102045
44.	102168
45.	102201
46.	102210
47.	102325
48.	102343
49.	102390
50.	102434
51.	102442
52.	102476
व्याख्याः- मध्यप्रदेश के राजवंशों में ओलीकर वंश की राजधानी दशपुर (मंदसौर), कलचुरी वंश की राजधानी त्रिपुरी, (जबलपुर) बुंदेलों की राजधानी ओरछा (टीकमगढ़) तथा परमार वंश की राजधानी धार थी, जबकि इंदौर होलकर वंश की राजधानी रही है।

(8) महाभारत युद्ध में मध्यप्रदेश की किन महाजनपदों ने पांडवों की ओर से युद्ध लड़ा था?

A. वत्स B. काशी
C. दशाण D. उपरोक्त सभी।

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः- महाभारत के युद्ध में मध्यप्रदेश के निम्न क्षेत्रों के राजाओं ने पांडवों की ओर से युद्ध लड़ा था-वत्स, काशी, दशाण, चेदि तथा मत्स्य जनपदों के राजा इन्होंने अपनी सेनाएं पांडवों की सहायता के लिए दे दी।

(9) मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

A. मर्दन सिंह B. दौलत सिंह
C. हिम्मत सिंह D. ढिल्लन सिंह

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः- मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में क्रांति का सूत्रपात सन् 1857 के अक्टूबर माह के प्रारंभ में हुआ, जब ठाकुर दौलत सिंह के नेतृत्व में एक विशाल जनसमूह ने नेमावर तहसील में विद्रोह का झंडा ऊंचा किया।

(10) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?

1. मध्यप्रदेश के प्रथम शहीद कुंवर चैन सिंह नरसिंहगढ़ के राजकुमार थे।

2. शहीद कुंवर चैन सिंह की छतरी सीहोर में बनाई गई है।

उपर्युक्त में से कौन- सा/से कथन सत्य हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही दो।

उत्तरः- विकल्प C है।

व्याख्याः-

- प्रथम शहीद कुंवर चैन सिंह नरसिंहगढ़ (राजगढ़) कि राजकुमार थे।
- 1824 में कुंवर चैन सिंह अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए सीहोर के दशहरा बाग मैदान में शहीद हो गए थे इसलिए यहीं पर छतरी स्मारक के रूप में निर्मित की गई।

अतः दोनों कथन सत्य हैं।

(11) पंजाब मेल हत्याकांड को अंजाम देने वाले क्रांतिकारी कौन थे?

1. यशवंत सिंह
2. देवनारायण
3. दलपत राव

कूटः-

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 1 और 3
D. उपरोक्त सभी।

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः-

- वर्ष 1931 में पंजाब मेल पर खंडवा में यशवंत सिंह, देव नारायण तिवारी तथा दलपत राव ने हमला कर ट्रेन में सवार अंग्रेज अफसर को मार डाला था।
- इसी आरोप में तीनों लोगों पर 10 अगस्त 1931 को खंडवा की अदालत में मुकदमा चलाया गया और 11 दिसंबर 1931 को यशवंत सिंह व देवनारायण को फांसी दी गई। जबकि दलपत को कालापानी की सजा हुई।

(12) मध्यप्रदेश में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?

A. सेठ गोविंद दास
B. अब्दुल जब्बार खान
C. देवदास गांधी
D. प्रभाकर डुंडीराज

उत्तरः- विकल्प D सही है।

(13) मध्यप्रदेश में झंडा सत्याग्रह कहां पर हुआ?

A. सिवनी B. जबलपुर
C. मंडला D. रीवा

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः- मध्यप्रदेश में 1923 को राष्ट्रीय ध्वज की संप्रभुता और अस्मिता को लेकर जबलपुर में झंडा सत्याग्रह हुआ और जबलपुर नगर पालिका भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

(14) मध्यप्रदेश के आंदोलनों को घटनाक्रम के अनुसार कीजिए?

1. जंगल सत्याग्रह
2. सर्राफा सत्याग्रह
3. चरण पादुका कांड
4. चावल आंदोलन

कूटः-

A. 1, 2, 3, 4 B. 3, 2, 4, 1
C. 2, 1, 4, 3 D. 1, 3, 2, 4

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः-

- जंगल सत्याग्रह 1930 में जबलपुर से शुरू हुआ जिसका नेतृत्व द्वारिका प्रसाद मिश्र व अन्य ने किया।
- चरण पादुका कांड 14 जनवरी 1931 को छतरपुर जिले में उर्मिल नदी के किनारे चरण पादुका नामक गांव में हुआ इसे मध्यप्रदेश का जलियांवाला हत्याकांड कहा जाता है।
- सर्राफा सत्याग्रह वर्ष 1942 में इंदौर में किया गया
- चावल आंदोलन 28 फरवरी 1947 को रीवा में किया गया।

(15) मध्यप्रदेश में क्रांतिकारी दल की स्थापना कहां की गई?

A. जबलपुर B. भोपाल
C. ग्वालियर D. इंदौर

उत्तरः- विकल्प A सही है।

व्याख्याः- मध्यप्रदेश में वर्ष 1907 में जबलपुर में क्रांतिकारी दल का गठन किया गया।

(16) मध्यप्रदेश में कंघी शिल्प कला का निर्माण किस जनजाति द्वारा किया जाता है?

A. गोंड B. भील
C. सहरिया D. बंजारा

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः- कंघी शिल्प कला का निर्माण बंजारा जनजाति द्वारा किया जाता है।

(17) मध्यप्रदेश में पीतल शिल्प कला के लिए कौन सा जिला प्रसिद्ध है?

A. जबलपुर B. नरसिंहपुर
C. कटनी D. छिंदवाड़ा

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः- पीतल एवं तांबे से मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर में कलात्मक वस्तुएं बनाई जाती हैं यहां प्रमुख रूप से बर्तन बनाने का कार्य किया जाता है।

(18) निम्नलिखित में से मालवा का लोक नृत्य नहीं है?

1. मटकी
2. अड़ा-खड़ा नाच
3. गरबा
4. बरेदी

कूटः-

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1 और 4

उत्तरः- विकल्प C सही है।

व्याख्याः- मटकी और अड़ा-खड़ा नाच मालवा क्षेत्र के लोक नृत्य हैं।

(19) 'सुआ' लोक नृत्य किस अवसर पर किया जाता है?

A. विवाह एवं शुभ अवसर पर
B. बरात की आप आगमन पर
C. खरीफ की फसल पकने पर
D. तीज के अवसर पर

उत्तरः- विकल्प C सही है।

व्याख्याः- सुआ लोक नृत्य खरीफ की फसल पकने के अवसर पर किया जाता है इसमें सिर पर टोकरी रखकर नृत्य किया जाता है।

(20) मध्यप्रदेश में प्रचलित 'हीड' लोक गायन की विषय वस्तु होती है?

A. ग्यारस माता की कथा तथा कृषि संस्कृति का सूक्ष्म वर्णन।
B. गृहस्थ जीवन कृषि व पशुपालन से संबंधित गायन।
C. आत्मा की अमरता का गायन।
D. राजा भरथरी रानी पिंगला का वियोग वर्णन।

उत्तरः- विकल्प A सही है।

व्याख्या :- 'हीड' लोक गायन निमाड़ एवं मालवा क्षेत्र में प्रचलित है जिसकी विषय वस्तु - ग्यारस माता की कथा तथा संस्कृति का सूक्ष्म वर्णन किया जाता है।

(21) मध्यप्रदेश में अत्यंत पिछड़ी जनजाति नहीं है?

A. सहरिया B. बैगा
C. भारिया D. कोल

उत्तरः- विकल्प D सही है।

व्याख्याः- बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति मध्यप्रदेश की सबसे पिछड़ी जनजाति हैं।

(22) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए

1. मध्यप्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में भील और बंजारा जनजाति पाई जाती है।

2. मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में सहरिया, खैरवार जनजाति पाई जाती है।

3. मध्यप्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में गोंड और पारधी जनजाति पाई जाती।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?

A. 1 और 2 B. 2 और 3
C. 1 और 3 D. उपरोक्त सभी।

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः-

- कथन 2 गलत है, क्योंकि पूर्वी क्षेत्र में कोल, पनिका, मुड़िया और बैगा जनजाति पाई जाती है।
- कथन 3 गलत है क्योंकि उत्तरी क्षेत्र में सहरिया और खेरवार जनजाति पाई जाती है।

(23) 'साज वृक्ष' किस जनजाति का पवित्र वृक्ष है?

A. भील B. सहरिया
C. बैगा D. भारिया

उत्तरः- विकल्प C सही है।

व्याख्याः- बैगा जनजाति 'साज वृक्ष' वृक्ष को पवित्र वृक्ष मानती हैं, क्योंकि इसमें इनके प्रमुख देव निवास करते हैं।

(24) मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल आधारित सबसे बड़ा जनजातीय समूह कौन सा है?

A. गोंड B. भील
C. कोल D. बैगा

उत्तरः- विकल्प C सही है।

व्याख्याः- मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल आधारित सबसे बड़ा जनजातीय समूह गोंड है, जबकि जनसंख्या के आधार पर भील जनजाति सबसे बड़ी है।

(25) निम्न में कौन विकल्प सुमेलित नहीं हैं?

A. तात्या टोपे की समाधि - शिवपुरी
B. बैजू बावरा की समाधि - दतिया
C. रानी लक्ष्मी बाई की समाधि - ग्वालियर
D. मल्हार राव होलकर समाधि - भिंड

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः- बैजू बावरा की समाधि चंदेरी (अशोक नगर) में स्थित है, न कि दतिया में।

(26) प्राचीन ऐतिहासिक 'जहांगीर महल' मध्यप्रदेश में कहां स्थित है?

A. मांडू B. दतिया
C. ओरछा D. अजयगढ़

उत्तरः- विकल्प C सही है।

व्याख्याः- प्रसिद्ध ऐतिहासिक जहांगीर महल ओरछा में स्थित है, जिसका निर्माण वीर सिंह बुंदेला ने जहांगीर के लिए करवाया था।

(27) हिंगलाजगढ़ का किला मध्यप्रदेश में कहां स्थित है?

A. रतलाम B. मंदसौर
C. नीमच D. झाबुआ

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः-

- हिंगलाजगढ़ का किला मध्यप्रदेश की मंदसौर जिले की भानपुरा तहसील में नवली गांव के पास स्थित है।
- इसका नाम हिंगलाज माता के नाम पर पड़ा है।

(28) 'मोरते' लोक चित्रकला किस क्षेत्र से संबंधित है?

A. बुंदेलखंड B. बघेलखंड
C. मालवा D. निमाड़

उत्तरः- विकल्प A सही है।

व्याख्याः- 'मोरते' लोक चित्रकला बुंदेलखंड क्षेत्र से संबंधित है, इसमें विवाह के समय दीवारों पर दूल्हा-दुल्हन हल्दी से थाप लगाते हैं।

(29) निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है?

1. कलगी तुर्रा लोक गायन - निमाड़
2. संजा लोक गायन - बघेलखंड
3. लकड़बग्घा लोकनाट्य - मालवा
4. सैरा लोक नृत्य - बुंदेलखंड

कूटः-

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. केवल 2 और 4

उत्तरः- विकल्प B सही है।

व्याख्याः-

- मोपे लोक गायन मालवा में प्रचलित है। यह वाद्यरहित सामूहिक गायन शैली है।
- लकड़बग्घा लोकनाट्य बुंदेलखंड और बघेलखंड में प्रचलित है जो विवाह अवसर पर किया जाता है।

- श्री बसंत (के.एल.) जाटव
(लेखक- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखते हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

1. म.प्र. शासन द्वारा दिये जाने वाले तानसेन अलंकरण की सम्मान निधि 2022 से कितनी होगी?
(अ) 2 लाख (ब) 5 लाख
(स) 3 लाख (द) 10 लाख
उत्तर - (ब) 5 लाख
व्याख्या - अखिल भारतीय तानसेन समारोह, ग्वालियर में तानसेन सम्मान व कालिदास सम्मान की राशि बढ़ाकर 5 लाख करने की घोषणा की गई। महान ध्रुपद गायक बैजू बाबरा के नाम से नवीन संगीत अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। बैजू बाबरा की समाधि चन्देरी (अशोकनगर) में है।

2. म.प्र. में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई है -
(अ) 8858 किमी
(ब) 1721 किमी
(स) 8200 किमी
(द) 10700 किमी
उत्तर - (अ) 8858 किमी
व्याख्या - म.प्र. में दिसंबर 2021 में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई 8858 किमी थी।

3. 'संगीर-सार' ग्रन्थ के लेखक हैं -
(अ) राजा मानसिंह तोमर
(ब) मालचंद
(स) तानसेन
(द) राजा डूंगर सिंह तोमर
उत्तर - (स) तानसेन
व्याख्या - राजा मानसिंह तोमर के राज्यकाल में ग्वालियर का सांगीतिक वैभव चरमोत्कर्ष पर पहुंचा। राजा मान सिंह ने 'मानकुतूहल' ग्रन्थ लिखा। तानसेन ने 'संगीत सार' और 'राग माला' ग्रन्थ लिखे तथा कई रागों का आविष्कार किया।

4. म.प्र. विधानसभा का मान्यता प्राप्त प्रथम विरोधी दल का नेता कौन था?
(अ) श्री विश्वनाथ तामस्कर
(ब) श्री चन्द्रप्रताप तिवारी
(स) श्री वीरेन्द्र कुमार सखलेचा
(द) श्री श्यामाचरण शुक्ल
उत्तर - (स) श्री वीरेन्द्र कुमार सखलेचा
व्याख्या - प्रथम (1956-57) एवं द्वितीय विधानसभा (1957-62) में कोई मान्यता प्राप्त विरोधी दल नहीं था। तृतीय विधानसभा (1962-67) में विरोधी दल को मान्यता प्राप्त हुई। 1962-67 में नेता प्रतिपक्ष वीरेन्द्र कुमार सखलेचा थे। वर्तमान म.प्र. विधानसभा में श्री कमलनाथ नेता प्रतिपक्ष हैं।

5. एकमात्र सदन का नेता जो मुख्यमंत्री नहीं रहा -
(अ) श्री राजा नरेशचन्द्र सिंह
(ब) सुश्री उमा भारती
(स) श्री बाबूलाल गौर
(द) श्रीमती विजयाराजे सिंधिया
उत्तर - (द) श्रीमती विजयाराजे सिंधिया
व्याख्या - साधारणतः मुख्यमंत्री ही सदन का नेता होता है, किन्तु चतुर्थ विधानसभा (1967-72) में मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह के कार्यकाल में 1967-69 में विजयाराजे सिंधिया सदन की नेता रहीं।

6. म.प्र. विधानसभा की प्राक्कलन समिति का अध्यक्ष है -
(अ) श्री गौरीशंकर बिसेन
(ब) श्री रामपाल सिंह
(स) श्री पी.सी. शर्मा
(द) श्री अजय विश्नोई
उत्तर - (ब) श्री रामपाल सिंह
व्याख्या - प्राक्कलन समिति के मार्च 2021 में श्री रामपाल सिंह अध्यक्ष नियुक्त हुए।

7. कोल जनजाति से संबंधित है -
(अ) तड़वी (ब) रौतेले
(स) बूढ़ादेव (द) अगरिया
उत्तर - (ब) रौतेले
व्याख्या - कोल जनजाति के दो उपवर्ग हैं (1) रौतिया (2) रौतेले
- बैगा जनजाति के प्रमुख देवता हैं बूढ़ादेव
- गोंड़ (GOND) जनजाति के वर्ग हैं धुरवा, अगरिया, राजगोंड़, माड़िया, मुड़िया आदि।

8. निम्न में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग म.प्र. से गुजरता है -
(अ) NH-3 (ब) NH-44
(स) NH-78 (द) NH-12
उत्तर - (ब) NH-44
व्याख्या - इंडिया गवर्नमेंट रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार म.प्र. में राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 8940 किमी है। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल संख्या 45 है। म.प्र. में सबसे लंबा NH-46 है जो ग्वालियर से बैतूल तक है। इसकी कुल लंबाई 634 किमी है।
- NH-44 - मुरैना से सिवनी तक कुल लंबाई 572 किमी.

9. समर्थन मूल्य में गेहूं खरीदी में 2021 में म.प्र. का स्थान है -
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ
उत्तर - (ब) द्वितीय
व्याख्या - वर्ष 2021 में न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन में शीर्ष तीन राज्य निम्न हैं -
(1) पंजाब - 132.1 लाख मिलियन टन
(2) म.प्र. - 128.8 लाख मिलियन टन
(3) हरियाणा - 84.93 लाख मिलियन टन
- वर्ष 2020 में उक्त सूची में म.प्र. शीर्ष पर था।

10. सतपुड़ा मैकल श्रेणी की पश्चिमी पहाड़ी है -
(अ) अखरानी (ब) बड़वानी
(स) मैकल (द) महादेव
उत्तर - (अ) अखरानी
व्याख्या - नर्मदा व ताप्ती की भ्रंश घाटियों के बीच स्थित ब्लॉक पर्वत सतपुड़ा की पश्चिम से पूर्व की ओर पहाड़ियों का क्रम है - क्रमशः राजपीपला श्रेणी (गुजरात), अखरानी पहाड़ी, बड़वानी पहाड़ी, बीजागढ़, असीरगढ़ (बुरहानपुर), महादेव (पचमढ़ी)। पूर्वी सतपुड़ा की श्रेणी मैकल डिंडोरी, बालाघाट और अनूपपुर तक विस्तारित है।

11. सिद्ध बाबा चोटी की ऊंचाई है -
(अ) 1052 मीटर
(ब) 1172 मीटर
(स) 1000 मीटर
(द) 884 मीटर
उत्तर - (ब) 1172 मीटर
व्याख्या - सिद्धबाबा चोटी की ऊंचाई 1172 मीटर है।

12. किस नदी की घाटी गहरी खड्डभूमि के लिए ख्यात है।
(अ) सोन (ब) चम्बल
(स) बेतवा (द) तमस नदी
उत्तर - (ब) चम्बल
व्याख्या - चम्बल घाटी में महीन चिकनी अथवा दोमट मिट्टी पाई जाती है। अर्द्धशुष्क जलवायु तथा बनस्पति की कमी से नदी के दोनों किनारों पर मृदा अपरदन से गहरे खड्ड बन गए हैं। आंकड़ों के अनुसार करीब 6 लाख एकड़ बहुमूल्य भूमि खड्डों में परिवर्तित हो चुकी है।
- मध्यप्रदेश के मुरैना में चंबल, क्वारी, आसन, सिंध जैसी नदियों के बहाव में भूमि के कटाव की प्रकृति अधिक है।

13. वर्तमान काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण किसने किया?
(अ) राजा धंग
(ब) राजा भोज
(स) अहिल्या बाई होल्कर
(द) पृथ्वीराज चौहान
उत्तर - (स) अहिल्या बाई होल्कर
व्याख्या - बारह ज्योतिर्लिंगों में एक काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण अहिल्याबाई होल्कर द्वारा 1780 में कराया गया। इतिहासकारों के अनुसार इसका प्रथमतः निर्माण 11वीं सदी में राजा विक्रमादित्य ने करवाया था। अहिल्याबाई होल्कर (1725-1795) होल्कर राजघराने (इन्दौर) के संस्थापक मल्हार राव होल्कर की पुत्रवधू थीं।

14. म.प्र. में बादल भोई राज्य जनजातीय संग्रहालय कहां है?
(अ) झाबुआ (ब) बड़वानी
(स) छिंदवाड़ा (द) मंडला
उत्तर - (स) छिंदवाड़ा
व्याख्या - मध्यप्रदेश में जनजातीय कला, संस्कृति आदि पर केंद्रित कई संग्रहालय स्थापित किए गए हैं, इन संग्रहालयों में जनजातीय संग्रहालय, भोपाल, बादल भोई राज्य जनजातीय संग्रहालय छिंदवाड़ा, राजा शंकर शाह संग्रहालय, जबलपुर, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, रानी कमलापति महल भोपाल, टंट्या भील संग्रहालय ग्राम बड़ौदा-अहीर जिला खंडवा, शहीद भीमा नायक प्रेरणा केंद्र ग्राम धावा बावड़ी जिला बड़वानी आदि प्रमुख हैं।

15. म.प्र. में भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में शहीद मेला का आयोजन कहां किया जाता है?
(अ) उमरिया (ब) झाबुआ
(स) बड़वानी (द) धार
उत्तर - (अ) उमरिया
व्याख्या - मध्यप्रदेश में विभिन्न जनजातीय नायकों के शहीद स्थलों पर शहीद मेलों का आयोजन किया जाता है। वीरांगना रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर 20 मार्च को बालपुर जिला डिंडोरी में, शहीद टंट्या भील की स्मृति में 4 दिसंबर को ग्राम बड़ौदा अहीर खंडवा एवं पातालपानी जिला इंदौर में, भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में 15 नवंबर को ग्राम डगडौआ जिला उमरिया में, रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर 24 जून को मंडला में, राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर 18 सितंबर को जबलपुर में तथा विभिन्न जनजातीय शहीदों की स्मृति में 9 अक्टूबर को ग्राम दुरिया जिला सिवनी में शहीद मेलों का आयोजन किया जाता है।

16. तानतरंग (तानसेन का पुत्र) निम्न में से किसके दरबारी कवि थे?
(अ) नरेश रामचंद्र
(ब) हुसैन शाह
(स) बादशाह अकबर
(द) बादशाह बाबर
उत्तर - (स) बादशाह अकबर
व्याख्या - आइन-ए-अकबरी में अबुल फजल ने लिखा है कि मुगल बादशाह अकबर की छत्तीसी में जो 36 महान संगीतकार शामिल थे, उनमें तानसेन सहित 16 संगीतकार ग्वालियर के थे। अकबर की छत्तीसी में तानसेन के अलावा ग्वालियर के जो संगीतकार सुशोभित थे उनमें बाबा रामदास, सुभान खां, मियां चांद (तानसेन का शिष्य), विचित्र खां, वीर मण्डल खां, शिहाब खां, सरोद खां, मियां लाल, तानतरंग (तानसेन का पुत्र), नायब चर्चू, प्रवीण खां, सूरदास, चांद खां एवं रंग सेन शामिल थे।

17. मध्यप्रदेश के संबंध में निम्न कथन में से कौन सा कथन सही नहीं है -
(अ) म.प्र. से कर्क रेखा गुजरती है।
(ब) राज्य की सर्वाधिक सीमा यू.पी. से सम्पर्कित है।
(स) भारत की मानक रेखा (9ST) म.प्र. से नहीं गुजरती।
(द) म.प्र. 21°6' से 26°52' उत्तरी अक्षांश पर अवस्थित है।
उत्तर - (स) भारत की मानक रेखा (9ST) म.प्र. से नहीं गुजरती।
व्याख्या - भारत में 1 सितंबर 1947 को भारतीय मानक समय को अपनाया गया। भारत की प्रधान मध्यान्ह रेखा 82°5' पूर्वी देशांतर है जो देश के 05 राज्यों से गुजरती है। यह मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से गुजरती है। म.प्र. की भौगोलिक स्थिति निम्नवत है -

18. म.प्र. की सीमा में स्थित जल प्रपात नहीं है -
(अ) चूलिया जलप्रपात
(ब) पातालपानी
(स) पुरवा जलप्रपात
(द) रनेह वाटर फॉल
उत्तर - (अ) चूलिया जलप्रपात
व्याख्या - म.प्र. शासन के जिलों की वेबसाइट अनुसार प्रदेश के प्रमुख जलप्रपात निम्नवत है -
(1) पातालपानी प्रपात - महू, इन्दौर, चोरल नदी
(2) रनेह प्रपात - केन नदी, छतरपुर
(3) बहुती प्रपात - सेलर नदी, रीवा
- चूलिया जल प्रपात (चम्बल नदी) राजस्थान के कोटा जिले में है।

19. कैमूर पहाड़ी से उद्गमित नदी है -
(अ) सोन
(ब) टोंस
(स) बैनगंगा नदी
(द) ताप्ती नदी
उत्तर - (ब) टोंस
व्याख्या - पुराणों में तमसा नाम से ख्यात टोंस का उद्गम मैहर तहसील (सतना) में कैमूर पहाड़ी से हुआ है। सतना, रीवा से होते हुए यह सिरसा (यू.पी.) के पास गंगा में मिल जाती है।

20. 1 नवंबर 1956 को पुनर्गठित मध्यप्रदेश में कितनी रियासतों का विलय हुआ।
(अ) 56 (ब) 61
(स) 37 (द) 48
उत्तर - (ब) 61
व्याख्या - सी.पी. और बरार तथा 61 देशी रियासतों को मिलाकर म.प्र. राज्य गठित किया गया था। सर्वाधिक 09 देशी रियासतों को विलीन करने वाला जिला सतना है।

21. मध्यप्रदेश में कितनी जनजातियां निवास करती हैं -
(अ) 24
(ब) 46
(स) 550
(द) 70 जनजाति समूह
उत्तर - (अ) 24
व्याख्या - 2011 की जनगणना अनुसार जनजातियों का प्रतिशत म.प्र. में 21.1% है। लगभग 24 जनजातियां यहां निवास करती हैं, इनकी उपजातियों को मिलाकर इनकी कुल संख्या 90 है। कुल जनसंख्या 1.53 करोड़। (प्रदेश में सर्वाधिक जनजाति जनसंख्या भीलों की है)

22. म.प्र. में विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास हेतु गठित अभिकरणों की संख्या है?
(अ) 11 (ब) 15
(स) 20 (द) 24
उत्तर - (अ) 11
व्याख्या - प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया एवं भारिया जनजाति के विकास हेतु योजनाएं बनाने व क्रियान्वयन करने हेतु 11 अभिकरण (Agency) कार्यरत हैं। इनका कार्यक्षेत्र 15 जिलों में है।
- प्रदेश में 2011 में पृथक से कोल जनजाति विकास अभिकरण (राज्य स्तरीय) गठित किया गया है।

23. देश के सोयाबीन उत्पादन में म.प्र. का हिस्सा है, लगभग?
(अ) 30 से 35%
(ब) 45 से 50%
(स) 65 से 70%
(द) 70 से 75%
उत्तर - (ब) 45 से 50%
व्याख्या - सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के अनुसार वर्ष 2021 में सोयाबीन का कुल रकबा 120 लाख हेक्टेयर एवं उत्पादन 118.8 लाख टन अनुमानित है जिसमें से 52 लाख टन म.प्र. का उत्पादन अनुमानित है। वर्ष 2020 में म.प्र. में 41 लाख टन जबकि महाराष्ट्र में 45 लाख टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ।
- म.प्र. आर्थिक सर्वेक्षण अनुसार 2019.20 में सोयाबीन का रकबा 61.94 लाख हेक्टेयर एवं उत्पादन 38.56 लाख टन अनुमानित था।

24. नील क्रांति योजना संबंधित है -
(अ) मत्स्योत्पादन
(ब) वानिकी सुधार से
(स) बांस उत्पादन
(द) दुग्ध उत्पादन से
उत्तर - (अ) मत्स्योत्पादन
व्याख्या - भारत सरकार द्वारा प्रारंभ नील क्रांति योजना मत्स्योत्पादन से संबंधित है।

25. राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन म.प्र. में कब प्रारंभ हुई?
(अ) 2002 (ब) 2013
(स) 2008 (द) 2017
उत्तर - (ब) 2013
व्याख्या - केन्द्र प्रवर्तित योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अक्टूबर 2013 से लागू हुई है। यह वर्तमान में 378 शहरों में लागू है। क्षमता सम्वर्द्धन, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, सामाजिक सुरक्षा तथा आजीविका उपलब्धता हेतु मिशन प्रतिबद्ध है।

- **जितेन्द्र सिंह भदौरिया**
(लेखक, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधित लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

हॉकी

एफआईएच ने पेनाल्टी कॉर्नर के लिए बनाया नया नियम

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने खिलाड़ियों के लिए खेल को अधिक सुरक्षित बनाने के प्रयास के तहत नया नियम लागू किया है। इसके अनुसार पेनाल्टी कॉर्नर का बचाव करने वाले खिलाड़ियों को गेंद के स्ट्राइकिंग सर्कल से बाहर जाने के बाद भी अपने सुरक्षा उपकरणों के उपयोग करने की मंजूरी होगी। नियम 4.2 में बदलाव किया गया है। खिलाड़ी अब अपने सुरक्षा उपकरणों के साथ गेंद के साथ दौड़ना जारी रख सकते हैं, लेकिन उन्हें 23 मीटर क्षेत्र से बाहर निकलने पर उपकरण को तुरंत हटाना होगा।

टेनिस

ऑस्ट्रेलियन ओपन में सानिया का सफर समाप्त

मेलबर्न, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने मिक्स्ड डबल्स के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन को अलविदा कह दिया है। सानिया और अमेरिका के राजीव राम की जोड़ी को ऑस्ट्रेलिया की जेसन कुब्लर और जैमी फॉर्लिस की जोड़ी ने सीधे सेटों में 6-4, 7-6 से हराया। यह सानिया मिर्जा का आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट है। वह इस साल के बाद टेनिस से संन्यास ले रही हैं। इसका ऐलान सानिया पहले ही कर चुकी हैं।

मुंबई फाल्कन्स ने की धमाकेदार शुरुआत

अबु धाबी, मुंबई फालकन्स ने यस मरीना सर्किट में 2022 फॉर्मूला रीजनल एशियन चैंपियनशिप (एफआरएसी) में एक जीत और दो पोडियम फिनिश के साथ शुरुआत की है। एफआईए की एफ 3 श्रेणी का इवेंट अबु धाबी में तीन रेसों के साथ हुआ। आठ टीमों में से एक मुंबई फाल्कन्स ने मोंटे कालों के आर्थर लेकलर, स्वीडन के डीनो बेगानोविक और युवा कोलंबियन सबेस्टियन मॉन्टोया की एक मजबूत टीम उतारी थी।

भारत बनाम वेस्टइंडीज

टीम इंडिया में पहली बार हुड्डा और विश्नोई

मुंबई, छह फरवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में रोहित शर्मा भारत का नेतृत्व करेंगे। वेस्टइंडीज के इस भारतीय दौरे पर तीन वन-डे और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने टीम की घोषणा कर दी है। कुलदीप यादव की वापसी हुई है। वहीं दीपक हुड्डा और रवि विश्नोई को पहली बार टीम में जगह मिली है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है।

टी-20 टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), इशान किशन, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, रवि विश्नोई, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल।

वनडे टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, रवि विश्नोई, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान।

आईसीसी अवॉर्ड्स-2021

स्मृति मंधाना सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर दूसरी बार जीता यह पुरस्कार

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल 2021 का सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर भारत की स्मृति मंधाना को चुना है। मंधाना को रेचल हेहो-फ्लिंट ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। एलिस पेरी के बाद दो बार यह ट्रॉफी जीतने वाली मंधाना विश्व की दूसरी महिला क्रिकेटर हैं। साल 2021 में मंधाना ने 22 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में एक शतक और पांच अर्धशतक की मदद से 38.86 की औसत से 855 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल्ड कोस्ट डे-नाइट टेस्ट में 127 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। उनका नाम आईसीसी की सालाना महिला टी-20 टीम में भी शामिल है। स्मृति का नाम आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला टी-20 खिलाड़ियों की सूची में भी था, लेकिन यह पुरस्कार इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी बोमॉन्ट ने जीता। वहीं दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लिजेल ली को साल 2021 का सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर चुना गया है।

शाहीन अफरीदी को मिलेगी सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी

पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को पुरुषों का क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। साल 2021 में सभी फॉर्मेट में शाहीन अफरीदी का जलवा रहा है। शाहीन ने 2021 में 36 इंटरनेशनल मुकाबले खेले और 22.20 की जबरदस्त औसत के साथ 78 विकेट झटके उनका बेस्ट प्रदर्शन 51 रन देकर छह विकेट लेने

का था। गौरतलब है कि प्लेयर ऑफ दी ईयर बनने वाले पुरुष क्रिकेटर को आईसीसी द्वारा सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी दी जाती है।

सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर जो रूट

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान जो रूट को साल 2021 का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर घोषित किया गया है। उन्होंने 2021 में 15 टेस्ट में छह शतकों की मदद से 1708 रन बनाए। रूट ने श्रीलंका और भारत के दौरों पर शतक लगाया।

वनडे में बाबर और टी-20 में रिजवान सर्वश्रेष्ठ

सीमित ओवर के क्रिकेट की बात करें, तो यहां पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को साल का सर्वश्रेष्ठ

- **स्मृति ने इससे पहले 2018 में सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर और सर्वश्रेष्ठ वनडे महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड जीता था।**
- **झूलन गोस्वामी ने यह अवॉर्ड 2007 में जीता था।**
- **ओमान के कप्तान जीशान मकसूद 2021 के सर्वश्रेष्ठ एसोसिएट पुरुष क्रिकेटर बने, वहीं ऑस्ट्रिया की ऐंड्रिया मे जेपेडा सर्वश्रेष्ठ एसोसिएट महिला क्रिकेटर रहीं।**

पुरुष वनडे क्रिकेटर तो विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना गया। बाबर ने साल 2021 में छह वनडे मैचों में 67.50 की औसत से 405 रन बनाए। वहीं मोहम्मद रिजवान ने 2021 के 29 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 73.66 की शानदार औसत और 134.89 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 1326 रन बनाए।

मलान और फातिमा को इमर्जिंग प्लेयर का अवॉर्ड

दक्षिण अफ्रीका के यानेमन मलान साल के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने 2021 में 17 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में दो शतकों और तीन अर्धशतकों की मदद से 715 रन बनाए। वहीं पाकिस्तान की तेज गेंदबाज ऑलराउंडर फातिमा सना को साल की सर्वश्रेष्ठ युवा महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड मिला है। 20 वर्षीय फातिमा ने 2021 में 16 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 165 रन बनाए और 24 विकेट भी झटके हैं।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

भारत ने युगांडा को 326 रनों से हराया

टारौबा, अंगकृष रघुवंशी और राज बावा की ताबड़तोड़ पारियों की बदौलत भारत ने यूथ वनडे के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। दोनों बल्लेबाजों ने क्रमशः 120 गेंदों में 144 और 108 गेंदों में 162 रनों की आतिशी पारी खेली। यही नहीं रघुवंशी और बावा के बीच तीसरे विकेट के लिए अंडर 19 विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रनों की साझेदारी भी हुई। इन प्रदर्शनों की बदौलत भारत ने युगांडा के सामने 406 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। वहीं जब विपक्षी टीम मैदान पर आयी तो भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें महज 79 रनों के कुल योग पर रोक दिया। युगांडा के 6 बल्लेबाज शून्य के स्कोर पर आउट हो गए।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग वूमेंस

शीर्ष पर शेफाली

दुबई, आईसीसी की ओर से हाल ही में महिला टी-20 रैंकिंग जारी की गई है, जहां बल्लेबाजी में शेफाली वर्मा नंबर एक पर वापस पहुंची हैं। शेफाली वर्मा की कुल 726 रेटिंग है, जबकि दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी हैं, जिनके 724 प्वाइंट हैं। टी-20 की बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो भारतीय प्लेयर शामिल हैं, इनमें शेफाली के अलावा स्मृति मंदाना भी हैं। स्मृति को एक रैंक का घाटा हुआ है और वह नंबर तीन से चार पर पहुंच गई हैं। वहीं ऑलराउंडर की बात करें तो उसमें सिर्फ एक भारतीय शामिल है। भारत की दीप्ति शर्मा नंबर तीन पर हैं, जिन्हें एक रैंक का फायदा हुआ है। दीप्ति की रेटिंग इस वक्त 315 प्वाइंट हैं, जबकि नंबर एक पर चल रहीं सॉफी के 370 प्वाइंट हैं।

टी-20 विश्व कप 2022 का कार्यक्रम घोषित

एमसीजी में आमने-सामने होंगे भारत और पाकिस्तान

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। 23 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान की टीम एमसीजी में आमने-सामने होंगी। जबकि मेजबान ऑस्ट्रेलिया अपने टी-20 विश्व कप खिताब को बचाने की शुरुआत पिछले साल विश्व कप फाइनल में जगह बनाने वाली न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ एससीजी में करेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 16 अक्टूबर को होगी, जहां श्रीलंका का सामना नामीबिया से जीलॉन्ग में होगा। सुपर 12 की शुरुआत 22 अक्टूबर से सिडनी में होगी। इस विश्व कप का पहला सेमीफाइनल 9 नवंबर को सिडनी में और दूसरा सेमीफाइनल 10 नवंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला एमसीजी में 13 नवंबर को होगा।

- **इस टूर्नामेंट के मुकाबले एडिलेड, ब्रिसबेन, जीलौंग, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ और सिडनी में खेले जाएंगे।**
- **भारत के मुकाबले 23 अक्टूबर को पाकिस्तान से, 27 को ग्रुप ए क्वालीफायर से सिडनी में, 30 को पर्थ में साउथ अफ्रीका के खिलाफ, 2 नवंबर को एडिलेड में बांग्लादेश के विरुद्ध और 6 नवंबर को ग्रुप-बी क्वालिफायर के साथ मेलबर्न में होंगे।**
- **सुपर 12 के ग्रुप एक में ऑस्ट्रेलिया के साथ न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, अफगानिस्तान के साथ ग्रुप-ए क्वालीफायर के विजेता और ग्रुप-बी के रनर अप होंगे।**
- **ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और ग्रुप-ए क्वालीफायर के रनर अप और ग्रुप-बी के विजेता होंगे।**

एशियाई खेलों में

स्क्वॉश में बेहतर प्रदर्शन के लिए क्रिस वॉकर की नियुक्ति

नई दिल्ली, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने इस साल के अंत में होने वाली एशियाई खेलों में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते दो बार के विश्व स्क्वॉश चैंपियनशिप पदक विजेता क्रिस वॉकर को विदेशी कोच के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। स्क्वॉश और साइक्लिंग में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले वॉकर को 16 सप्ताह के लिए अनुबंधित किया गया है।

भारतीय खेल प्राधिकरण की चयन समिति और स्क्वॉश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉकर की नियुक्ति की सिफारिश की थी। 1997 में मार्क क्रेन्स के साथ उन्होंने उद्घाटन सत्र की विश्व डबल्स स्क्वॉश चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने 1993 और 1996 विश्व ओपन स्क्वॉश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते और 1995 व 1997 में विश्व टीम चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली इंग्लैंड की टीमों का हिस्सा थे। उन्होंने 1998 और 2002 में राष्ट्रमंडल खेलों में डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीते।

- **राष्ट्रमंडल खेल बर्मिंघम में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने हैं। जबकि चीन के हांगझोऊ में 10 से 25 सितंबर तक एशियाई खेल होने हैं।**
- **सौरव घोषाल, रमित टंडन, महेश मनगांवकर, विक्रम मल्होत्रा, वेलावन सेंथिल कुमार, जोशना चिनप्पा, तन्वी खन्ना, सुनैना कुरुविला, आकांक्षा सालुंखे और उर्वशी जोशी स्क्वॉश में भारत के होनहार खिलाड़ी हैं।**

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल-2022

पीवी सिंधु ने जीता महिला वर्ग का खिताब

लखनऊ, भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल 2022 टूर्नामेंट जीत लिया है। सिंधु ने वीमेंस सिंगल्स के फाइनल में भारत की ही मालविका बंसोड़ को हराकर खिताब जीता। लगभग 35 मिनट तक चले फाइनल मैच को सिंधु ने 21-13, 21-16 के स्कोर से अपने नाम किया। मालविका ने इससे पहले इंडिया ओपन में स्टार शटलर साइना नेहवाल को हराकर सुर्खियां बटोरी थीं। पहले गेम में सिंधु 11-1 से आगे थीं, जिसके बाद मालविका ने वापसी करते हुए कुछ अंक हासिल किए, लेकिन सिंधु भी अपनी बढ़त को मजबूत करती रहीं। दूसरे राउंड में भी मालविका ने कोशिश पूरी की, लेकिन सिंधु पर दबाव नहीं बना सकीं।

मेन्स फाइनल 'नो मैच' घोषित

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल 2022 में मेन्स फाइनल को 'नो मैच' घोषित किया गया। बीडब्ल्यूएफ के अनुसार एक फाइनलिस्ट के कोविड संक्रमित होने की वजह यह फैसला लिया गया। दूसरा फाइनलिस्ट भी करीबी संपर्क माना गया और उसने नाम वापस ले लिया। मेन्स फाइनल मैच फ्रांसीसी शटलर अरनॉड मर्कले और लुकास क्लेरबाउट के बीच होना था।

मिक्स्ड डबल्स में इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी जीती

भारतीय जोड़ी इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो ने हमवतन टी हेमा नागेंद्र बाबू और श्रीवेद्या गुराजादा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता। इशान और तनीषा ने सिर्फ 29 मिनट में 21-16 21-12 से जीत दर्ज की।

फुटबॉल

एशिया कप में भारतीय महिला टीम के सभी मैच रद्द

नई दिल्ली, भारत को एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला एशियाई कप से बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि भारतीय टीम की लगभग 12 खिलाड़ी कोविड-19 की चपेट में आ गईं। खिलाड़ियों के पॉजिटिव आने के बाद चीनी ताइपे के खिलाफ का ग्रुप ए मैच शुरू होने से चंद मिनट पहले ही रद्द करना पड़ा।

कोविड मामलों के आलवा दो खिलाड़ी चोटिल होने के कारण बाहर हो गई थीं। एएफसी ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि भारत ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

(जल्द शुरू हो जाएगी)

चाबहार से कंडला पोर्ट के बीच शिपिंग लाइन

भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच 2016 में हुए समझौते वाली चाबहार बंदरगाह परियोजना साकार होने की ओर है।

- **कंडला-मुंबई के नावाशेवा बंदरगाह की सीधी शिपिंग लाइन की घोषणा की गई है।**
- **तय योजना के अनुसार इस रूट पर पहला कंटेनगर 16 फरवरी को ईरान के शाहीद बहीस्ती में प्रवेश करेगा।**

अब चाबहार बंदरगाह से भारत के पंडित दीनदयाल बंदरगाह (कंडला पोर्ट) के बीच सीधी शिपिंग लाइन फरवरी में आरंभ होने जा रही है। ईरान को पोर्ट्स एंड मैरिटाइम ऑर्गनाइजेशन के शीर्षस्थ प्रतिनिधियों ने बताया है कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान शिपिंग लाइंस के कंटेनर्स को इस मार्ग से गंतव्य तक पहुंचने में 10 से 15 दिन ही लगेंगे। अफगानिस्तान में अस्थिरता और सत्ता में तालिबान की वापसी के बाद चाबहार परियोजना को लेकर संशय की स्थिति बनी थी, लेकिन अफगानिस्तान के अलावा शेष दो देश इस परियोजना पर प्रयत्नशील थे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत इस बावत किराया दरों में रियायत सहित सहूलियतें दे सकता है।

नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण

हमें नेताजी की 'कैन डू, विल डू' की भावना से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की धरती पर पहली स्वतंत्र सरकार की स्थापना करने वाले हमारे नेताजी, जिन्होंने हमारे भीतर एक संप्रभु और मजबूत भारत का विश्वास जगाया, उनकी भव्य प्रतिमा इंडिया गेट के पास डिजिटल रूप में स्थापित हो रही है। जल्द ही इस होलोग्राम प्रतिमा के स्थान पर ग्रेनाइट की विशाल प्रतिमा लगेगी।

प्रधानमंत्री ने अलंकरण समारोह में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार भी प्रदान किए। प्रधानमंत्री ने देश में आपदा प्रबंधन के विकास का जिक्र करते हुए कहा 2001 में गुजरात में आए भूकंप ने आपदा प्रबंधन के मायने बदल दिए। उस समय के अनुभवों से सीखते हुए 2003 में गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन कानून बनाया गया। आपदा से निपटने के लिए गुजरात इस तरह का कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बना। बाद में, केंद्र सरकार ने गुजरात के कानून से सबक लेते हुए 2005 में पूरे देश के लिए ऐसा ही एक आपदा प्रबंधन कानून बनाया।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि राहत, बचाव और पुनर्वास पर जोर देने के साथ ही सुधार पर बल दिया जा रहा है। हमने एनडीआरएफ को मजबूत, आधुनिकीकरण और देशभर में विस्तार किया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से लेकर योजना और प्रबंधन तक सर्वोत्तम उपाय किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीएमए के 'आपदा मित्र' जैसी योजनाओं के माध्यम से युवा आगे आ रहे हैं और जिम्मेदारी उठा रहे हैं। जब भी आपदा आती है, तो लोग पीड़ित नहीं रहते, वे स्वयंसेवक बनकर आपदा का मुकाबला करते हैं। यानी, आपदा प्रबंधन अब एक सरकारी काम नहीं है, बल्कि ये 'सबका प्रयास' का एक मॉडल बन गया है।

प्रधानमंत्री ने आपदा प्रबंधन में भी समग्र दृष्टिकोण की बात की, जो हर क्षेत्र में सरकार की सोच को दिखाता है। आपदा प्रबंधन सिविल इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर पाठ्यक्रमों का हिस्सा है और डैम सेफ्टी कानून भी बनाया गया है। इसी तरह, बुनियादी ढांचे की विशाल परियोजनाएं ऐसी बन रही हैं जो आपदा का सामना कर सकें। आपदा तैयारियों को लेकर नए भारत की सोच और दृष्टिकोण का उदाहरण पेश करते हुए उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में भूकंप, बाढ़ या चक्रवात का खतरा ज्यादा रहता है वहां पीएम आवास योजना के तहत बन रहे घरों, चार धाम महापरियोजना, उत्तरप्रदेश में बन रहे नए एक्सप्रेस-वे में भी आपदा प्रबंधन का ध्यान रखा जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने वैश्विक समुदाय को सीडीआरआई (आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर गठबंधन) संस्था के रूप में एक बहुत बड़ा विचार, एक बहुत बड़ा उपहार दिया है। भारत की इस पहल में ब्रिटेन हमारा प्रमुख साथी बना है और आज दुनिया के 35 देश इस गठबंधन का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के विभिन्न देशों में सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास आम बात है, लेकिन भारत ने पहली बार आपदा प्रबंधन के लिए संयुक्त अभ्यास की परंपरा शुरू की है।

प्रधानमंत्री ने नेताजी का संदेश दोहराया कि 'कभी भी स्वतंत्र भारत के सपने का विश्वास मत खोना, दुनिया में कोई ताकत नहीं है जो भारत को झकझोर सके।' पीएम ने कहा कि आज हमारे सामने आजाद भारत के सपनों को पूरा करने का लक्ष्य है। हमारे सामने आजादी के 100वें साल से पहले नए भारत के निर्माण का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर नेताजी सुभाष चंद्र बोस कुछ ठान लेते थे तो फिर उन्हें कोई ताकत रोक नहीं सकती थी। हमें नेताजी सुभाष की 'कैन डू, विल डू' की भावना से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना है।

//यूक्रेन के नजदीक//

नाटो ने बढ़ाई सैन्य तैनाती

20वीं सदी में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो और सोवियत संघ के बीच दशकों चले शीत युद्ध के बाद पहली बार यूक्रेन में दोनों

- **रूस और यूक्रेन के नजदीक के नाटो सदस्य देश लिथुआनिया, बुल्गारिया और रोमानिया में सहयोगी देशों ने सैनिकों और हथियारों की तैनाती बढ़ानी शुरू कर दी है।**

पक्ष आमने-सामने हैं। इसे दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी मोर्चा-बंदी भी माना जा रहा है। यूक्रेन से लगने वाली सीमाओं पर सैनिकों और टैंकों की तैनाती के बाद रूस अब काला सागर के नजदीक युद्धपोत भेजकर यूक्रेन को घेरने में जुट गया है। रूस के तेवरों को देखते हुए नाटो ने भी अपनी तैनाती बढ़ा दी है।

पिछले दिनों जिनेवा में अमेरिका और रूस के विदेश मंत्रियों की बातचीत से शांति बनी रहने की जो संभावना पैदा हुई थी, वह अब खत्म होती नजर आई। भूमध्य सागर-

बाल्टिक सागर में रूस के बड़े नौसेना और वायुसेना अभ्यास की तैयारी ने युद्ध की आशंका को फिर से बलवती बना दिया। जवाब में नाटो ने बाल्टिक सागर के नजदीक के अपने सहयोगी देशों में सैन्य तैनाती बढ़ाने का ऐलान कर दिया। इसके तहत डेनमार्क लिथुआनिया में अपनी नौसेना का एक फ्रिगेट भेज रहा है और एफ-16 लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है। स्पेन अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमान बुल्गारिया भेज रहा है तो फ्रांस ने रोमानिया में तैनात अपने सैनिकों को अलर्ट कर दिया है। नाटो के महासचिव जेंस स्टाल्टेबर्ग ने कहा है कि संगठन अपने सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा।

\\73वें गणतंत्र दिवस पर//

भारत को दुनियाभर से मिली बधाइयां

भारत के 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भारतीय जनता को बधाई दी। उन्होंने यूके और भारत के संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि, दोनों देशों के संबंध दशकों से चले आ रहे हैं, दोनों ही मुल्कों ने पीढ़ी दर पीढ़ी बड़ी चुनौतियों का सामना किया है। मैं भारत के गणतंत्र दिवस के मौके पर यूके की ओर से भारत के लोगों और सभी ब्रिटिश भारतीयों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते और ऑक्सफोर्ड-एक्ट्राजेनेका द्वारा कोरोना वैक्सीन के संयुक्त निर्माण को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वक्त से हमने चुनौतियों का सामना किया है। दो विविध लोकतंत्रों के रूप में, मुझे हमारी मजबूत दोस्ती पर गर्व है। मैं इन रिश्तों को

अगले 75 वर्षों और उससे आगे के लिए एक साथ समृद्ध होने के लिए और मजबूत करने के लिए तत्पर हूं।

ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, नेपाल और बांग्लादेश समेत कई देशों ने भारत के 73वें गणतंत्र दिवस पर भारतीय नागरिकों को बधाई दी है। भारतीय लोकतंत्र की गहरी जड़ों से अभिभूत इन देशों ने भारत की आर्थिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों को भी सराहा है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन ने भी भारत को गणतंत्र दिवस के साथ ही ऑस्ट्रेलिया डे की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरल को भेजे वीडियो संदेश में कहा कि ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों के बीच बेमिसाल दोस्ती है। हम भी आपके साथ लोकतंत्र के इस त्योहार में शामिल हैं। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी, प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और विदेश मंत्री नारायण खड़का ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने भारत में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव पर कहा कि वह भारत के लोगों की प्रगति और समृद्धि जारी रहने की कामना करते हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रधामंत्री श्री मोदी को भेजे बधाई संदेश में कहा कि वर्ष 2021 बांग्लादेश और भारत की मित्रता के लिए ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच मित्रता, सहयोग और विश्वास बढ़ा है। सहयोग के नए आयाम खुल गए हैं।

अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता के लिए तैयार हुआ ईरान

ईरान परमाणु समझौते को लेकर जारी वार्ता में अमेरिका के साथ सीधी बातचीत के लिए तैयार हो गया है। ईरान ने कहा कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सीधे परमाणु वार्ता के लिए तैयार है, तेहरान पिछले साल से पांच अन्य विश्व शक्तियों के साथ बातचीत में लगा हुआ है, जो अभी परमाणु समझौते का हिस्सा है। दरअसल, 2018 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देश को समझौते से अलग कर लिया और ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगा दिए। इसके बाद ईरान ने अपनी यूरेनियम शोधन क्षमता बढ़ा दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि, उनका देश ऐसा करने पर विचार करेगा, यदि यह एक 'अच्छे समझौते' की कुंजी साबित होता है, ताकि इस सौदे को उबारा जा सके।

ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दोल्लहिआन ने कहा कि, ईरान मौजूदा समय में सीधे अमेरिका के साथ बात

नहीं कर रहा। हालांकि, अगर बातचीत की प्रक्रिया में हम यह पाते हैं कि अच्छे समझौते पर पहुंचने के लिए अमेरिका से सीधी बातचीत से फायदा मिलेगा, तो हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि, न्यूक्लियर डील आदि अहम मुद्दों को लेकर हम काफी विचार-विमर्श के बाद इस स्थिति में पहुंचे हैं कि ईरान के साथ सीधे जुड़ना और बातचीत करना ज्यादा फायदेमंद होगा। अधिकारी ने कहा कि सीधी मुलाकात से अच्छी और सकारात्मक बातचीत हो सकती है।

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने यह कहते हुए अमेरिका के साथ सभी वार्ताओं पर रोक लगा दी थी कि उसके साथ वार्ता से ईरान को नुकसान होगा। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में खामेनेई ने अमेरिका के साथ वार्ता करने के लिए ईरानी दल को हरी झंडी दिखा दी और कहा कि वार्ता और संवाद का अर्थ आत्मसमर्पण नहीं है।

दरअसल, 2015 के परमाणु समझौते को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और चीन के राजनयिक विएना में ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसमें ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को सीमित करने के बदले उसके साथ व्यापार आदि का प्रस्ताव है।

• भारतवंशी विज्ञानी ने •

ओमिक्रोन प्रोटीन की पहली आणविक संरचना तैयार की

ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय (यूबीसी) के एक भारतीय मूल के शोधकर्ता ने ओमिक्रोन वैरिएंट के स्पाइक प्रोटीन की

- **यह शोध अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इससे यह पता चलता है कि ओमिक्रोन वैरिएंट कितनी मजबूती से मानव कोशिकाओं से चिपकता है और उन्हें संक्रमित करता है।**

आणविक संरचना तैयार की है। यह पहली बार है कि विश्व में इस नए वैरिएंट के आणविक स्तर का संरचनात्मक विश्लेषण किया गया है।

यूबीसी के जैव रसायन और आणविक जीव विज्ञान विभाग में प्रोफेसर और अध्ययन रिपोर्ट के प्रमुख लेखक डॉ. श्रीराम सुब्रमण्यम ने कहा, 'वायरल स्पाइक प्रोटीन की आणविक संरचना को समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमें भविष्य में ओमिक्रोन

और संबंधित वैरिएंट के खिलाफ अधिक प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।' डॉ. सुब्रमण्यम के अनुसार वायरस जिन तंत्रों के द्वारा मानव कोशिकाओं को संक्रमित करता है अगर हम उनका विश्लेषण कर लेते हैं तो हम बेहतर उपचार विकसित कर सकते हैं। हम उपचार का ऐसा तरीका तैयार कर सकते हैं, जो वायरस के संक्रमित करने की प्रक्रिया को बाधित करे और वायरस को बेअसर कर दे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

टीका लगवाओ सुखी रहेगा परिवार, कोरोना जायेगा हार।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गर्भावस्था में खतरों को, जानें-पहचानें...

- तेज सांस चलना, अत्यधिक खून की कमी।
- तेज सिरदर्द के साथ धुंधलापन, ब्लड प्रेशर का बढ़ना।
- चेहरे एवं शरीर पर सूजन/झटके आना।
- गर्भावस्था अथवा प्रसव के समय अत्यधिक रक्तस्राव।
- 12 घण्टे से अधिक या 34 सप्ताह के पूर्व प्रसव पीड़ा होना।
- गर्भस्थ शिशु का कम अथवा न घूमना।
- गर्भावस्था के समय डायबिटीज, हृदय रोग अस्थमा अथवा पीलिया होना।

शीघ्र पंजीयन एवं प्रसव पूर्व जांच - (वजन, ब्लड प्रेशर, खून, पेशाब की जांच) गर्भावस्था के पहले तिमाही में प्रत्येक महिला का पंजीयन करवाना चाहिए और मां को जच्चा-बच्चा सुरक्षा कार्ड दिया जाना चाहिए जिससे प्रसव पूर्व 4 जांच और टीकाकरण समय पर हो सके।

आयरन फोलिक एसिड गोलियों का सेवन - गर्भावस्था में आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की रोज 2 गोली का सेवन छह माह तक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन की जांच करने से खून की कमी को पहचाना जा सकता है। साथ ही ज्यादा खून की कमी होने पर चिकित्सक की सलाह उपरान्त गर्भवती महिलाओं के लिए इंजेक्शन आयरन सुक्रोज भी शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

M.P. Madhyam/103476/R-46557/2022

उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करें।

अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की सीएचओ, एएनएम अथवा आशा कार्यकर्ता से संपर्क करें।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहित में जारी

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।